Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 50 | शुक्रवार, 20 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत-फ्रांस दोस्ती का नया अध्याय

# राफेल और पनडुब्बी निर्माण पर बनी बड़ी सहमति

**नई दिल्ली।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि भारत और फ्रांस के संबंध अद्वितीय है। दोनों देशों की मित्रता रणनीतिक साझेदारों से कहीं बढ़कर है। फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के भारत के निर्णय के कुछ दिन बाद ही मैक्रों ने गुरुवार को यह भी कहा कि इस समझौते में "मेक इन इंडिया" मुख्य घटक होगा।

उन्होंने कहा कि फ्रांस भारत के साथ पनडुब्बियों पर सहयोग बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति एआइई इम्पैक्ट समिट से इतर पत्रकारों से बात करते हुए प्रश्न के उत्तर में कहा, हमारे पास केवल रणनीतिक साझेदारी नहीं है, बल्कि हमारे पास विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो भारत और फ्रांस दोनों के लिए अद्वितीय है। भारत और फ्रांस ने मंगलवार को मुंबई में प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी और मैक्रों के बीच बातचीत के बाद अपने संबंधों को "विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी" के स्तर पर पहुंचा दिया। दोनों पक्ष रक्षा, नवाचार और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। राफेल खरीद संबंधी पर प्रश्न के उत्तर में, उन्होंने कहा कि फ्रांस रखरखाव और क्षमता निर्माण के पहलुओं में सहयोग बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले, भारत ने राफेल खरीदने की अपनी इच्छा की पुष्टि की और मेक इन इंडिया इसका एक मुख्य पहलू होगा। यह मौजूदा सहयोग को स्पष्ट रूप से मजबूत करने के लिए नया कदम है। भारत ने फ्रांस के साथ सरकार-से-सरकार ढांचे के तहत 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए लंबित प्रस्ताव को पिछले सप्ताह मंजूरी दी थी। मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट परियोजना के तहत, 18 विमान दासौ एविएशन द्वारा उड़ान भरने की स्थिति में दिए जाएंगे और शेष भारत में लगभग 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ निर्मित किए जाएंगे, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

राफेल सौदे के विवरण, जिनमें सह–उत्पादन की योजनाएं भी शामिल हैं को तकनीकी वाताओं के बाद अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। गौरतलब है पिछले साल पाकिस्तान के साथ संघर्ष में राफेल ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। अब तक भारत ने अपनी वायुसेना के लिए 36 राफेल विमान खरीदे हैं और नौसेना के लिए 26 राफेल का आर्डर दिया है। ये पनडुब्बियां सरकारी कंपनी मझगांव डाक लिमिटेड और फ्रांसीसी रक्षा कंपनी नेवल ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित की जाने की प्रस्तावित हैं।

## रोजगार, कौशल और आर्थिक परिवर्तन में एआई के उपयोग बढ़ाने का संकल्प

**नई दिल्ली।**



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान नई दिल्ली फ्रंटियर एआई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की। यह कदम समावेशी और उत्तरदायी एआई को आगे बढ़ाने के लिए अग्रणी एआई कंपनियों और भारत के घरेलू नवोन्मेषकों को एक साथ लाएगा। इसके तहत रोजगार सहित विभिन्न मुद्दों पर वास्तविक दुनिया में एआई के उपयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गई है। एआई इंपैक्ट समिट के परिणाम की घोषणा करते हुए वैष्णव ने कहा कि स्वैच्छिक प्रतिबद्धताएं यह दिखाती हैं कि एआई प्रणालियों का विकास समानता, सांस्कृतिक विविधता और वास्तविक दुनिया की आवश्यकताओं के अनुरूप हो। प्रतिभागी संगठनों में भारत स्थित इनोवेटर जैसे सर्वम, भारतजेन, ज्ञानी एआई और सॉकेट के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर अग्रणी एआई कंपनियां शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल भारत को एआई गवर्नेंस पर ग्लोबल साउथ के नेतृत्व वाली व्यवस्था के निर्माण में अग्रणी बनाएगी। इस प्रतिज्ञा के तहत कंपनियों ने "दो महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं" जताई हैं।

## रायपुर में दोस्त ने सिगरेट पीने से मना किया तो पेट्रोल पंप पर बाइक में लगा दी आग

**रायपुर।** रायपुर के एक पेट्रोल पंप पर बाइक की टंकी मे मंगलवार को एक युवक ने लाइटर से आग लगा दी। हालांकि, पंप कर्मचारियों की सतर्कता से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। घटना 17 फरवरी शाम सात बजे की है। दो युवक बाइक में पेट्रोल डलवाने पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक के पीछे बैठा युवक सिगरेट जलाने लगा। उसके साथी ने पेट्रोल पंप परिसर में सिगरेट न जलाने की हिदायत दी।

## उत्तर भारत में मौसम ने फिर ली करवट

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक हल्की बारिश और ठंडक का असर था, वहीं अब मौसम विभागके अनुसार बारिश का दौर लगभग खत्म हो चुका है और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने वाली है। फरवरी के इस महीने में पहले ही कई इलाकों में असामान्य रूप से उच्च तापमान दर्ज किया जा चुका है, जैसे दिल्ली में 31.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। एनसीआर में बारिश अब नहीं, साफ आसमान और धूप का दौर मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक, 18 फरवरी को दिल्ली-एनसीआर में हल्की



बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़े थे, जो एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ था। लेकिन 19 फरवरी से मौसम साफ हो गया है और अगले कई दिनों तक बारिश की कोई प्रमुख संभावना नहीं है। कटऊ के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले 7 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री की बढ़ोतरी संभावित है। न्यूनतम तापमान भी धीरे-धीरे 2-3 डिग्री बढ़ सकता है। इससे प्री-मानसून जैसी स्थिति का आभास हो रहा है, जबकि फरवरी अभी चल रहा है।

### पिछले दिनों का हाल

18 फरवरी को दिल्ली में अधिकतम तापमान 26–28 डिग्री के बीच रहा और हल्की बारिश ने लोगों को थोड़ी राहत दी थी। लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है और इसका असर मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों तक सीमित है। मैदानी इलाकों में सूखा और गर्म मौसम लौट आया है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) अभी 'पुअर' कैटेगरी में है, जो अगले कुछ दिनों में मॉडरेट हो सकता है। दक्षिण भारत में कुछ राज्यों (जैसे तमिलनाडु, केरल) में भारी बारिश का अलर्ट है, लेकिन उत्तर भारत शुष्क रहेगा।

## मध्य प्रदेश के जबलपुर में मंदिर में तोड़फोड़, दो पक्षों में जमकर पथराव और मारपीट



**जबलपुर।**

जबलपुर जिले की सिहोरा तहसील में गुरुवार रात करीब नौ बजे आपसी विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए। एक धार्मिक स्थल के बाहर लगी रैलिंग टूटने से लोग आक्रोशित हो गए। इससे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। इसमें कुछ लोगों के आंशिक घायल होने की सूचना है। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा और अश्रु गैस के गोले भी छोड़े। तनाव को देखते हुए मौके पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय पहुंचे। अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पुलिस ने हालात नियंत्रण का दावा करते हुए जांच के बाद मामला दर्ज करने की बात कही है। घटना सिहोरा के वार्ड क्रमांक पांच के आजाद चौक की है। जहां पर दुर्गा मंदिर और मस्जिद आमने-सामने है। रात को करीब नौ बजे मंदिर में आरती हो रही थी। उसी समय कुछ लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे।

## डीआरडीओ की गगनयान मिशन के लिए बड़ी उपलब्धि, ड्रोग पैराशूट का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान मिशन में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। डीआरडीओ ने गगनयान मिशन के लिए ड्रोग पैराशूट का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) में रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज (आरटीआरएस) केंद्र में 18 फरवरी को किया गया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण इसरो और डीआरडीओ की टीमों ने मिलकर किया। परीक्षण ने पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा को साबित किया है। यह परीक्षण मजबूत पैराशूट के डिजाइन और निर्माण में भारत की विशेषज्ञता को साबित करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गगनयान ड्रोग पैराशूट के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, इसरो और उद्योग जगत की सराहना की और कहा कि यह परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। गोरतलब है कि गगनयान मिशन के तहत तीन अंतरिक्षयात्रियों के दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में ले जाया जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाकर भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करेगा।

### सीमावर्ती गांवों के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

## अमित शाह आज असम से करेंगे 'वाइब्रेंट विलेज-2' का आगाज



**नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को असम में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। यह कार्यक्रम सीमांत गांवों को मजबूत बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक अहम पड़ाव होगा। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-द्वद्व एक केन्द्रीय योजना है, जिसका व्यय वित्त वर्ष 2028-29 तक 6,839 करोड़ है। यह कार्यक्रम 15 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा। अमित शाह असम के कछार जिले के नाथनपुर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शुक्रवार को असम में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-द्वद्व का शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम भारत के पहले गांवों के विकास के लिए मोदी जी के विजन को साकार किया है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम ने सीमावर्ती गांवों में वे सभी सुविधाएं प्रदान कीं, जो देश के अन्य हिस्सों में उपलब्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि इसने सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोका, उन्हें समृद्ध आवासीय केंद्र बनाया और सीमा सुरक्षा को कई गुना मजबूत किया। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-द्वद्व इन लाभों को अधिक गांवों तक पहुंचाकर सीमाओं को और अधिक मजबूत करेगा। इससे विकसित भारत 2047 के विजन के अनुसार सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध बार्डर कम्युनिटीज को प्रोत्साहन मिलता है।

## सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर

**नई दिल्ली।**


केंद्रीय बजट 2026 में भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा हुई है ! वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन मार्ग) बनाने का एलान किया है। ये कॉरिडोर कुल 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबे होंगे और इन पर अनुमानित 16 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश होगा। दिल्ली से वाराणसी, मुंबई से पुणे और चेन्नई से बेंगलुरु तक फैले ये नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखते हैं। हाई-स्पीड रेल का अर्थ है समर्पित कॉरिडोर पर चलने वाली ट्रेनें जो 250 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चल सकती हैं। बजट में घोषित बुलेट ट्रेनों के सात नए मार्ग कौन से हैं और आप एक शहर से दूसरे शहर तक कितनी तेजी से पहुंच पाएंगे।



## योगी सरकार का 9.12 लाख करोड़ का बजट आज होगा पारित

**लखनऊ।**

प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का 9.12 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में पारित कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बजट भाषण में निराश्रित महिला, वृद्ध और दिव्यांगजन की सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने का एलान करेंगे। इसका संकेत वे पहले ही दे चुके हैं। इस समय प्रदेश में ऐसे लाभार्थियों की संख्या 1.06 करोड़ है, जिन्हें अभी 12 हजार रुपये सालाना पेंशन मिलती है। सरकार इनकी पेंशन 1500 रुपये महीना करने जा रही है। विधान सभा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री बजट पर चर्चा के समापन मौके पर शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने की भी घोषणा कर सकते हैं। वर्तमान में इन्हें 10 हजार रुपये प्रति माह मिलता है। प्रदेश में इनकी संख्या 1.43 लाख है। इसके अलावा सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण एवं संचालन पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट सदन में पेश करेगी। बजट पारित कराने के साथ ही नौ फरवरी से चल रहा विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया जाएगा।



## संपादक की कलम से

# गैस चैंबर राजधानी

देश की राजधानी दिल्ली बीते कई सालों से गैस चैंबर बनी है। यह सिलसिला अक्तूबर में शुरू होता है और फरवरी तक जारी रहता है। गैस चैंबर की टिप्पणी सर्वोच्च अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की है। देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने बीते दिनों अपनी पीड़ा व्यक्त की थी कि अब दिल्ली में सुबह की सैर करना भी दूभर हो गया है। सांस घटने लगता है। राजधानी में इतना प्रदूषण है कि जो परिवार



ललित शर्मा
संपादक

35-40 साल से दिल्ली में बसे थे, दिल्ली में ही कामकाज था, वे या तो दिल्ली छोड़ चुके हैं अथवा छोड़ कर गांव लौटने की तैयारी में हैं। दरअसल स्वच्छ और सेहतमंद हवा कोई विलासिता नहीं है, बल्कि नागरिकों का अधिकार है। नागरिकों पर बलात अत्याचार ढाया जा रहा है। शनिवार को राजधानी दिल्ली के 12 इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक था। कहीं-कहीं 450 को भी लांघ गया था। दिल्ली-एनसीआर के नोएडा इलाके में भी एक्यूआई 409 था। नोएडा में तो नाले सूख गए हैं, जिनमें से एक दुर्गंधमयी गैस निकलती है, जो प्रदूषण की बुनियादी कारक है। राजधानी में प्रदूषण की यह जानलेवा स्तर की खतरनाक स्थिति है। बेशक यह स्वास्थ्य का आपातकाल है। स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए छुट्टी घोषित की गई है। मंत्री आशीष सूद के मुताबिक, 10000 स्कूलों में एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। क्या उनसे प्रदूषण नियंत्रित होगा? 50 फीसदी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश दिए गए हैं। ऐसे कब तक प्रदूषण से बचेंगे? इस साल के अंत तक बिजली वाली 7000 बसें खरीदी जाएंगी। दिल्ली सरकार के दूसरे मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने चेतावनी जारी की है कि कल से (रविवार से ही) मौसम ज्यादा खराब होगा। इस मंत्री ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि निर्माण-कार्य नहीं रोके गए, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजधानी दिल्ली ऐसा महानगर है, जो हररोज, हर पल धूल में सना दिखाई देता है। वायु प्रदूषण का यह सबसे खतरनाक स्रोत है। दिल्ली-एनसीआर में 3.3 करोड़ से अधिक वाहन पंजीकृत हैं। अकेली दिल्ली में ही 2.88 करोड़ कारें और दोपहिया वाहन हैं। मानकों के मुताबिक, करीब 51 फीसदी प्रदूषण वाहनों के कारण ही होता है। गैस चैंबर को खत्म कैसे किया जा सकता है? दिल्ली-एनसीआर में केंद्र सरकार सहित सभी सरकारें भाजपा शासित हैं। पहले केजरीवाल को कोसा जाता था। अब दिल्ली अर्द्धराज्य में भी, बीते 10 माह से, भाजपा सत्तारूढ़ है। हालांकि उसने कई बंदोबस्त किए हैं। अधिकतर ऐसे हैं, जो आप सरकार ने भी किए थे। फिर भाजपा ने अलग क्या किया? कृत्रिम बारिश का प्रयोग भी नाकाम रहा। कारण कुछ भी हो। ग्रैप आप सरकार के दौरान भी लागू किए गए थे, अब भी किए जा रहे हैं। दिल्ली में ही संसद मौजूद है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत दिल्ली में ही मौजूद हैं। क्या अत्यंत खतरनाक श्रेणी का प्रदूषण उन्हें प्रभावित नहीं करता? इंडिया गेट और कत्र्तव्य पथ पर इतना कोहरा और धुआं-धुंध है कि पर्यटक नाममात्र रह गए हैं। संसद में नियम 193 के तहत प्रदूषण पर चर्चा तय की गई थी, लेकिन हंगामे और हस्तक्षेप के कारण वह चर्चा नहीं हो सकी। विडंबना और दुर्भाग्य है देश का। प्रदूषण की स्थिति यह बताई जा रही है कि औसत नागरिक एक ही दिन में 40 सिगरेट के बराबर का धुआं पीने को विवश है।

## उदय किशोर साह



### बहुत मेरी याद आयेगी

कविता

हमारी दोस्ती आपको एक दिन बहुत याद आयेगी
हमारी बिछुड़ने की जुदाई अक्सर तुम्हें रूलायेगी
यादों की झरोखों से जब हमारी अक्स दीख जायेगी
जब हम ना रहेगें इस जग में तब यादें तुम्हें तड़पायेगी

जीवन भर तुमने जो हमें नफरत दी है हमदम
मैं उस नफरत की कसम मैं अब स्वर्ग में भी खाता हूँ
ईर्ष्या द्वेष व वैमनस्यता की यादें दिल में सजाता हूँ
चाहत जो मेरे मन में थी उस चाहत को दुहराता हूँ

जहाँ भी हम तुमको मिलते थे मुँह मोड़ लेती थी तुम
बातें करने की लालसा थी मौन हो जाती थी हो गुम
अब तो खुश हो जाना प्रिये जब तेरी जिन्दगी से हो चुका दूर
सोलह श्रृंगार भी कर लेना पराये के लिये है हमें भी मंजूर

अक्सर नफरत का वो शख्त होता है मूरत जो होता सीधा सादा
ना समझ पाती है ये दुनियाँ जो होता है प्यार का छोटा प्यादा
स्वार्थ व दौलत की चकाचौंध में भूल जाता है भटका इन्सान
क्षणभर की लालच में छुट जाता है जग में सच्चा जजमान

लौट कर अब कभी ना आऊँगा मैं तेरे जीवन में मेरे यार
भूल जाऊँगा मैं अपने को भला हो तेरा खुशी का संसार
मत रोना कभी मेरे लिये ना बहाना औखों से तुँ कभी आँसू
मर चुका हूं में तेरी दुनियाँ से देख लेना मेरी कब्र पे जा तूँ


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वीआईपी दर्शन पर सुप्रीम आदेश, निर्णय केंद्र करे

ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगहझजगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें। कोर्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है।' यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया। पूर्व उखक खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'आज 12 ज्योतिर्लिंग और



बेंच ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश अब केंद्र सरकार को विवश करेगा कि मंदिरों में आम आदमी के साथ हो रहे भेदभाव को रोके और बांके बिहारी मंदिर की तरह पैसा लेकर कराए जा रहे वीआईपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करे। व्यवस्था अयोध्या जी के श्रीराम मंदिर जैसी हो, जहां श्रद्धालु बिना भेदभाव आराम से 25-30 मिनट में दर्शन कर बाहर आ सके।

शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है।' सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर 'वीआईपी दर्शन' के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं। ये एक जगह नही है, श्रद्धालु को इस समस्या से अधिकांश जगह रूबरू होना पड़ता है। जगहझजगह मंदिरों में इस समस्या का सामना होता है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकाता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रुपए लिए। अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़-भाड़ भी बची। वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रुपए में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए। करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके, जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रुपए दीजिए। वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं। ओंकारेश्वर में तो पंडित जी पूजा भी आराम से और श्रद्धालुओं की पंक्ति से अलग लेकर कराते हैं। मथुरा जी के बांके बिहारी मंदिर में सुप्रीम आदेश से यह व्यवस्था रूकी है, अन्यथा लगभग सभी मंदिरों की हालत ऐसी ही है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, किंतु इस वीआईपी दर्शन पर रोक वाली गेंद केंद्र सरकार के पाले में यह कह कर डाल दी।

# ठंड के मौसम में इन हिल स्टेशनों पर जम गई है बर्फ, बच्चों को दिखाएं स्नोफॉल का अद्भुत नजारा

कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में पहाड़ों पर घूमने का अपना ही मजा होता है। लोग ऐसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां पर बर्फबारी का नजारा देखने को मिल जाए। वहीं बच्चे हों या बड़े सभी लोगों को लाइफ में एक बार स्नोफॉल देखने का मन जरूर होता है। ऐसे में अगर आपको भी स्नोफॉल देखना है, तो आप हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड या जम्मू-कश्मीर घूमने का प्लान बना सकते हैं। कई जगहों पर बर्फबारी हो चुकी है। वहीं कई हिल स्टेशनों पर क्रिसमस यानी की 25 दिसंबर के आसपास स्नोफॉल होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हिमाचल प्रदेश की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप बर्फबारी देखने का लुत्फ उठा सकते हैं।

**मनाली**

इन दिनों आपको हिमाचल के मनाली में भी बर्फबारी देखने का मौका मिल जाएगा। जो भी लोग क्रिसमस के मौके पर घूमने जाना चाहते हैं, वह लाइव स्नोफॉल का मजा उठा सकते हैं। मनाली में बर्फबारी को लेकर एक ओर लोकल लोग काफी



खुश हैं और वहां पर सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी है। अगर आप अभी भी मनाली जाते हैं, तो आप वहां पर बर्फबारी का नजारा देख सकते हैं।

**खजियार**

आकर्षक परिदृश्य और आभा के लिए फेमस खजियार बर्फबारी देखने के शौकीन लोगों के लिए जन्नत से कम नहीं है। इसको भारत का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। यह हिल स्टेशन शानदार पहाड़ों और हरे-भरे जंगलों से घिरा है। सर्दियों में मौसम में यह जगह बेहद हसीन लगती है।

**नारकंडा**

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए आप नारकुंडा भी आ सकते हैं। यह हिमाचल के सबसे अच्छे स्कीइंग स्थलों में से एक है। शिमला शहर से करीब 60 किमी दूर स्थित यह जगह आपको ढेर सारे यादगार एक्सपीरियंस दे सकता है। आप बर्फबारी देखने के अलावा स्नो एक्टिविटी और सफेद बर्फ की चादरों से ढके परिदृश्य के बीच अन्य एक्टिविटी में शामिल हो सकते हैं।

**रोहतांग ला**

जब भी हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी देखने की बात होती है, तो सबसे पहले रोहतांग ला का नाम सामने आता है। लाशों के मैदान के रूप में फेमस यह जगह स्लेज घाटियों, गर्म पानी के झरनों और स्की क्षेत्रों से भरा है। यह एडवेंचर प्रेमियों के लिए पसंदीदा जगह है।

अगर आप भी हिमाचल के रोहतांग ला आने का प्लान कर रहे हैं, तो ताजा अनुभव के लिए आपको छोटे शहर वशिष्ठ और हडिंबा मंदिर जरूर घूमने जाना चाहिए।

# रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ है होता है क्या? जानिए क्या कहते हैं एक्सपर्ट

डिटॉक्स वॉटर शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और इससे कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं। लेकिन इसे रोजाना पीना सही है या नहीं, यह जानना जरूरी होता है। इस विषय पर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। इस लेख में हम जानेंगे कि एक्सपर्ट डिटॉक्स वॉटर को लेकर क्या सलाह देती हैं और इसे अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल करना चाहिए। आजकल लोग हेल्दी रहने के लिए डिटॉक्स वॉटर जरुर पीते हैं। डिटॉक्स वॉटर एक ऐसा पानी होता है, जिसमें हम फल-सब्जियां रात भर के लिए काटकर छोड़ देते हैं। सुबह इसी पानी का सेवन करते हैं, जिसे हम डिटॉक्स वॉटर के नाम से जानते हैं। इसमें कोई दोहराए नहीं डिटॉक्स वॉटर बॉडी के लिए रिफ्रेशिंग होता है, इसमें कम कैलोरी होती है। डिटॉक्स पानी पीने से शरीर को पोषक तत्व मिलते हैं और वजन कम करने में भी सहायक करता है। ओवरऑल हेल्थ के लिए डिटॉक्स वॉटर काफी फायदेमंद होती है। लेकिन रोजाना डिटॉक्स वॉटर पीने से सेफ है या नहीं, आइए आपको बताते हैं।



**क्या रोज डिटॉक्स वॉटर पीना सेफ होता है**

हां, बिल्कुल रोजाना डिटॉक्स पानी पीने हेल्दी होता है। इसमें मुख्य रुप से किसी भी तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर जैसा कुछ भी केमिकल प्रोडक्ट यूज नहीं होता है। यह पानी मीठा नहीं होता है। डिटॉक्स वॉटर पीने से बॉडी हाइड्रेट होती है और यह किसी मेजिकल कलींजर की तरह काम करता है। इसके सेवन से हमारे बॉडी के टॉक्सिंस बाहर निकल जाते हैं। यह इम्यूनिटी को बूस्ट करता है। डिटॉक्स वॉटर में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट जैसे तत्व होते हैं, जिसका हमारी ओवर ऑल हेल्थ पर असर अच्छा असर पड़ता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पूरे दिन में सिर्फ डिटॉक्स वॉटर पीना काफी नहीं है। इससे आपके शरीर को फायदा होने के बजाय नुकसान हो सकता है। वहीं, किडनी के मरीजों के लिए भी डिटॉक्स वॉटर पीना नुकसानदायक हो सकता है।

**डिटॉक्स वॉटर रोज पीने के फायदे**

**हाइड्रेशन में सुधार**

अक्सर लोग तब तक पानी नहीं पीते जब तक उन्हें प्यास न लगे, जबकि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है। शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए हाइड्रेशन आवश्यक होता है। ऐसे में डिटॉक्स वॉटर पीना एक अच्छा विकल्प है, क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर में पानी की कमी पूरी होती है, बल्कि शरीर लंबे समय तक हाइड्रेट भी बना रहता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर**

डिटॉक्स वॉटर में नींबू, खीरा, पुदीना और बेरीज जैसे फलों व जड़ी-बूटियों से बनता है। इसमें विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसलिए, जब आप रेगुलर डिटॉक्स वॉटर पीते हैं, तो इनमें मौजूद तत्व आपके शरीर तक पहुंचते हैं।

**पाचनतंत्र बेहतरीन होता है**

कई लोग डिटॉक्स वॉटर में अदरक और पुदीना जैसी प्राकृतिक चीजें मिलाकर पीते हैं। ये दोनों ही तत्व पाचन को मजबूत बनाने में मददगार माने जाते हैं। अदरक और पुदीना के सेवन से पेट की गैस, भारीपन और सूजन जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। इसके अलावा, डिटॉक्स वॉटर पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म भी सक्रिय रहता है और पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है।

# चार साल से बदहाल सड़क बनी मुसीबत, किसानों की कमर टूटी

**वेलकम इंडिया**

**महमूद रजा।** जनपद बिजनौर स्योहारा विकास खण्ड बुढ़नपुर के अंतर्गत ग्राम सुमालखेड़ी में पिछले चार वर्षों से जर्जर पड़ी खड़ंजा सड़क अब ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। टूटी सड़क, जलभराव और कीचड़ ने गांव की रफ्तार थाम दी है। बार-बार शिकायतों और प्रार्थना पत्रों के बावजूद जब समाधान नहीं निकला तो ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ब्लॉक कार्यालय में लिखित शिकायत दी गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया। नतीजा यह है कि सड़क की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। किसानों पर सबसे ज्यादा मार सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को झेलनी पड़ रही है। खेतों से गन्ना निकालना किसी चुनौती से कम नहीं है। कीचड़ और जलभराव के कारण गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बीच रास्ते में धंस जाती हैं। हालात ऐसे हैं कि एक ट्रैक्टर को निकालने के लिए दो से तीन ट्रैक्टर लगाने पड़ते हैं। इससे किसानों का कीमती समय और डीजल का खर्च दोनों बर्बाद हो रहे हैं। कई किसानों ने बताया कि देरी के कारण गन्ना मिल तक समय पर नहीं पहुंच पाता, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।महिलाओं ने संभाली कमान लगातार उपेक्षा से नाराज होकर आज गांव की महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया। बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर ब्लॉक कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि सड़क पर भरे पानी और कीचड़ से रोजाना आवागमन मुश्किल हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो रहे हैं और गर्भवती महिलाओं के लिए स्थिति बेहद जोखिम भरी बनी हुई है। चेतावनी – जल्द समाधान नहीं तो उग्र आंदोलन ग्रामीणों और महिलाओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी तत्काल मौके का स्थलीय निरीक्षण करें, सड़क निर्माण के साथ-साथ जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके।



# न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के 3032 एवं 3230 टीएक्स स्मार्ट ट्रैक्टरों की वाराणसी मे हुआ भव्य लॉन्चिंग



**(संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी:-** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देते हुए न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर्स के 3032 एवं 3230 टीएक्स स्मार्ट मॉडल की भव्य लॉन्चिंग 19 फरवरी गुरुवार को कचहरी स्थित कमिश्नरी ऑडिटोरियम वाराणसी में आयोजित की गईं कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं लॉन्चिंग कार्यक्रम में स्टेट हेड नितेश सचान,स्टेट सर्विस हेड प्रदीप कुमार एवं कैपिटल फाइनेंस हेड अंशुमन पांडेय एवं विवेक गंगवार एवं सेल्स सीनियर मैनेजर पुनीत साहू ने संयुक्त रूप से नए मॉडलों का अनावरण किया। कार्यक्रम में टेरिटरी मैनेजर मनीष त्रिपाठी,विशाल उपाध्याय, ओम प्रकाश यादव, सुनील यादव,विजयपाल यादव एवं सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान किसानों और डीलरों में नए मॉडलों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला लॉन्चिंग के अवसर पर कुल बीस ट्रैक्टरों की बुकिंग दर्ज की गई जो कंपनी के प्रति किसानों के विश्वास को दर्शाता है डिलीवरी की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सोनभद्र जिले में चार ट्रैक्टर,मिजार्पुर में तीन ट्रैक्टर, कौशांबी में तीन ट्रैक्टर,वाराणसी में तीन ट्रैक्टर तथा गाजीपुर में दो ट्रैक्टर की डिलीवरी की गई कंपनी अधिकारियों ने बताया कि 3032 एवं 3230 टीएक्स स्मार्ट मॉडल आधुनिक तकनीक,बेहतर माइलेज और उच्च कार्यक्षमता से लैस हैं जो किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों एवं डीलरों ने नए मॉडलों की सराहना की और भविष्य में बेहतर सहयोग का विश्वास जताया।

# समाजसेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह के चाचा का निधन



**वेलकम इंडिया**

**चांदपुर :** समाजसेवी ठाकुर वेद प्रकाश सिंह के चाचा जी जगदीश सिंह ग्राम रूपपुर, चांदपुर का देहांत हो गया है। उनकी उम्र 90 साल थी। वे पांच दिन से बीमार चल रहे थे। जगदीश सिंह अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ कर चले गए। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दे और अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# पहासू थाना पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना पहासू पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 02 चोरों को ग्राम खुरियावली भट्टे के पास से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित उर्फ दीपू पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम दोरऊ चांदपुर थाना चंडौस जिला अलीगढ गवेन्द्र पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी ग्राम जिरौली ड़ोर थाना लोधा जनपद अलीगढ को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे/निशांदेही से चोरी की 03 ट्राली बरामद की गयी । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तो को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी अशोक कुमार एस आई भूपेन्द्र सिंह, एस आई आशुतोष है0का0 सिद्धार्थ सिंह, का पंकज राणा शामिल रहे।

# डीसीपी धवल जायसवाल ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद किया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद किया। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उनकी कार्यशैली ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही को उजागर किया। कार्यालय में पहुंचे फरियादी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आए थे, जिनमें स्थानीय विवाद, सुरक्षा संबंधी चिंताएँ, साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें तथा पुलिस सहायता से संबंधित मुद्दे शामिल थे। धवल जायसवाल ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को पूरा समय देते हुए उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक देरी बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान डीसीपी नगर ने स्पष्ट किया कि पुलिस का पहला दायित्व नागरिकों को सुरक्षा और न्याय की अनुभूति कराना है। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जाएगी जब आम नागरिक बिना भय के अपनी समस्या लेकर प्रशासन तक पहुँच सके और उसे समय पर समाधान मिले। इस दिशा में उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा शिकायतकताओं के साथ सम्मानजनक संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। धवल जायसवाल की कार्यशैली का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी रहा कि उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेने की व्यवस्था सुनिश्चित की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन मामलों का समाधान तुरंत संभव है।

# लोगों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख ने खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत मिजार्पुर में आज रकफ के अंतर्गत लगातार मिल रही लोगों की शिकायत पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा आकस्मिक रूप से खंड विकास अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें शिकायत सत्य पाई गई व निरंतर अनुपस्थित रहने वाली अध्यापिका डॉ संगीता गौतम अनउपस्थिति पाई गई स्कूल में उपस्थित अनेक ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि उक्त अध्यापिका विद्यालय नहीं आती है वह उनके 125 वोट उनके द्वारा काट दिए गए हैं पूर्व में भी इनके संबंध में लोगों ने खंड विकास कार्यालय पर प्रदर्शन किया था जिसकी खबर प्रमुखता से छापी गई थी परंतु इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा लोगों ने बताया हम लोग बूथ पर आते हैं परंतु वह नहीं मिलती है बार-बार चक्कर लगाने पर वह अभद्रता करती हैं साथ ही ग्राम वासियों द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई हेतु उप जिलाधिकारी के नाम एक पत्र खंड विकास अधिकारी नजीबाबाद को दिया तथा आग्रह किया कि उन्हें हटाकर उनके अतिरिक्त किसी दूसरे फोन किया जाए इसके उनके वोट सूची में जोड़ दिए जाएं

# सदिगध परिस्थितियों में हुई व्यक्ति की मौत

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर मडावर वन विभाग बिजनौर कनव नर्सरी मानसापुर के पास अपने दो साथियो के साथ ड्यूटी कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो जाने से वहां पर उस समय हंगामा मच गया जब मृतक के परिवार वालों ने उसके दोनों साथियों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद शक की सारी गुंजजेस खत्म हो गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया कि व्यक्ति की मौत हार्ट अटैक से हुई है। बुधवार की रात सुरेंद्र, रामगोपाल,महेंद्र सिंह वन विभाग बिजनौर कनव नर्सरी पर ड्यूटी कर रहे थे। रात मे अचानक सुरेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष गांव मानसापुर निवासी की मौत हो गई। मौके पर यह हवा फैल गई की सुरेंद्र के साथियों ने उसका मर्डर कर दिया है। और मृतक के परिवार वालों ने हंगामा करते हुए रामगोपाल,महेंद्र सिंह पर हत्या का आरोप लगाया जब यह बात लोगों को पता चली तो लोग मौके पर जमा हो गए। और अधिकारियों तक यह बात पहुंच गई,और रेंजर महेश गौतम व मडावर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रेंजर महेश गौतम ने रामगोपाल, महेंद्र सिंह को मडावर पुलिस के हवाले कर दिया और सुरेंद्र सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया।जिसमें मौत के सही कारणों का पता चल सके।

# लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




**मोहम्मद असलम**

लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 19 फरवरी 2026 को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल के नेतृत्व में कम्पनीबाग स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण धरनाझ्रप्रदर्शन किया यह विरोध प्रदर्शन 17 फरवरी 2026 को लखनऊ में हुए विधान सभा घेराव के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित कई नेताओं एवं कार्यकताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आयोजित किया गया। गांधी पार्क में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने कहा कि लाठीचार्ज लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और कांग्रेस इसके खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान राजेन्द्र गुप्ता, रामपाल शाक्य, मोहन चन्द्र उप्रेती, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण किशोर मिश्रा, ललित बाल्मीकि, जमीला खीरी, अब्दुल रहीम, संजय गोस्वामी, लतीफ आजम अंसारी, अखिल खान, देवेंद्र कुमार, पंकज दीक्षित, अनन्तराम गौतम, रामजीवन एडवोकेट, रवि तिवारी, गुलफाम अहमद, वीरेंद्र कुमार क्षयप सहित कई कांग्रेसीजन उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है, और सरकार का दमनकारी रवैया स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबन्धन समिति एवं ग्राम पंचायत विकास योजना की बैठक हुई आयोजित



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन प्रबन्धन समिति एवं ग्राम पंचायत विकास योजना की बैठक अपरान्ह 01 बजे कलैक्ट्रेट में आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) योजनान्तगत व्यक्तिगत शौचालय, ओ०डी०एफ० प्लस, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन यूनिट, सामुदायिक शौचालय, आर०आर०सी०, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन एवं एफ०एस०टी०पी० तथा ग्राम पंचायत विकास योजनान्र्गत 15वां वित एवं राज्य वित बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में बुकलेट में अंकित में अन्तर एवं प्रारूप्में कमियाँ बताते हुए तथा प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कम व्यय हेतु विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्तिम चेतावनी निर्गत की गयी तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा यह नी निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक में आंकड़ों का मिलान उचित प्रकार किया जाये तथा सी०एम० डैशबोर्ड वाले बिन्दुओं को प्राथमिकता पर पहले लेते हुये बुकलेट में रखा जाये।

# सीएम युवा उद्यमी योजना की समीक्षा में सख्ती, यूको बैंक व यस बैंक सहित अन्य के विरुद्ध कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा पत्र




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर जनपद बिजनौर में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सीएम युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कड़ा रुख अपनाया। बैठक में पाया गया कि यूको बैंक, यस बैंक तथा इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रतिनिधि लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहे हैं और शासकीय रोजगारपरक योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं दे रहे हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि संबंधित बैंकों के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर उनके विरुद्ध विभागीय स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना का मूल उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। यदि बैंक सक्रिय सहयोग नहीं देंगे तो योजना का उद्देश्य प्रभावित होगा। उन्होंने सभी बैंक शाखाओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक शाखा प्रति माह कम से कम दो पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करे। यह न्यूनतम लक्ष्य निर्धारित किया गया है; जो बैंक इससे अधिक योगदान देगा, उसे जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में 20 फरवरी को जिला उद्योग परिसर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि सभी बैंक अपने-अपने स्टॉल लगाकर सीएम युवा उद्यमी योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं के इच्छुक युवाओं का ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण करें तथा आवेदन पत्र भरवाने में सहयोग दें। जिलाधिकारी ने योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत प्रकरणों और ऋण वितरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों पर चिंता जताते हुए निर्देश दिए गए कि पात्र युवाओं के आवेदन समयबद्ध तरीके से निस्तारित किए जाएं और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। स्वीकृत ऋणों के वितरण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# अवैध रूप से मछली पकड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: एसडीओ अंकित सिंह



**रामघाट/बुलंदशहर/** नरौरा बैराज पर अवैध रूप से मछली मारे जाने की हो रही वीडियो वायरल जिसके विषय में सिंचाई विभाग के एसडीओ का बयान सिंचाई विभाग नरौरा के एसडीओ अंकित सिंह ने बताया नरौरा बैराज पर कड़ी निगरानी की जा रही है अवैध रूप से मछली मारने वालों को पकड़े जाने पर वैधानिक कार्रवाई होगी।

# आगामी पर्व होली व रमजान के दृष्टिगत थाना महुली में आयोजित की गई ग्राम प्रहरियों की गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभय नाथ मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में आगामी पर्व होली, होलिका दहन व रमजान के दृष्टिगत आज दिनाँक 19.02.2026 को थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश पाण्डेय ने आगामी पर्व होली तथा रमजान को शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी (बैठक) आयोजित की गई ।इस पहल का मुख्य उद्देश्य जमीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है।गोष्ठी के दौरान थानाध्यक्ष महुली द्वारा ग्राम प्रहरियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गएः

अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें।

गांव में होने वाली किसी भी छोटी-बड़ी घटना, विवाद या अफवाह की जानकारी तत्काल संबंधित थाने या उच्चाधिकारियों को दें। होली के त्यौहार के मद्देनजर अवैध शराब की बिक्री और निर्माण के खिलाफ सूचनाएं एकत्र करें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। रमजान और होली के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें और लोगों को मिलजुलकर त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें। जो लोग त्यौहार के दौरान हुड़दंग मचाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, उनकी सूची तैयार कर पुलिस को अवगत कराएं।

थानाध्यक्ष महुली द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रहरियों को पुलिस की ₹आंख और कान₹ माना जाता है ।साथ ही वे गांव तथा पुलिस के बीच एक सेतु (इ९ीं) का कार्य करते हैं ।ग्राम प्रहरी किसी भी अफवाह को फैलने से पहले ही उसे शांत करने में मदद करें ।डीजे और लाउडस्पीकर के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करवाएं।

# जसाला पेट्रोल पंप के पास आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, युवक घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।संवादाता मोहसिन रहमानी** क्षेत्र के गांव जसाला स्थित पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार युवक घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ाना निवासी नदीम उर्फ नाज़िम पुत्र रहीशु मंगलवार को किसी कार्य से कस्बे में आया था। बताया गया है कि कार्य समाप्त करने के बाद वह अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहा था।जैसे ही वह गांव जसाला स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही पल्सर बाइक से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। हादसे में नदीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं, दूसरा बाइक सवार दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर से देवताओं की मूर्तियां हटाने का आरोप, पुजारी सहित तीन पर मुकदमा

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में मंदिर से देवताओं की मूर्तियां बाहर रखने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पुजारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भभीसा निवासी रविंद्र कुमार पुत्र रमेश चंद्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव में करीब 30 वर्ष पुराना एक मंदिर स्थित है। उनका कहना है कि उक्त मंदिर में उनके देवता स्थापित थे और वह नियमित रूप से पूजा–अर्चना करते आ रहे थे। आरोप है कि गांव के ही संदीप उर्फ गुड्डू, ओमवीर तथा मंदिर के पुजारी भूषण ने मिलकर उनकी मूर्तियों को मंदिर से बाहर रख दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने इस कृत्य का विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए दोबारा मूर्तियां मंदिर में रखने पर जान से मारने की धमकी दी। इससे पीड़ित और उसके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भनेड़ा के पास ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत, पिता-पुत्र घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी जनपद मुजफ्फरनगर के तितावी थाना क्षेत्र से गमी में शामिल होने जा रहे पिता-पुत्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। भनेड़ा के पास ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

जनपद मुजफ्फरनगर के तितावी थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी दुधाधारी निवासी रहीशु पुत्र हब्बीब अपने पुत्र इमरान के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद बागपत के गांव रमाला में गमी में शामिल होने जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही वह भनेड़ा के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार पिता-पुत्र उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई।समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी पक्ष की ओर से थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई थी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन-प्लास्टिक बरामद

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** नगर निगम अधिकारियों ने आज प्रवर्तन दल के साथ चिलकाना रोड स्थित बालपुर में एक हौजरी फैक्ट्री पर छापा मारकर 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक बरामद किया और सवा लाख रुपये जुमार्ना लगाया। बरामद की गयी प्रतिबंधित सामग्री को नगर निगम की गाड़ियों में भरकर निगम लाया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थ अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह के नेतृत्व में आज दोपहर नगर निगम अधिकारियों की टीम प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ चिलकाना रोड स्थित बालपुर पहुंची और एक हौजरी फैक्ट्री पर छापा मारकर 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक गिलास, कटोरी, चम्मच आदि बरामद किये गए। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह ने बताया कि बालपुर में एक हौजरी फैक्ट्री के भीतर बनाये गए एक गोदाम में यह प्रतिबंधित प्लास्टिक कंटेनरों में भरकर छुपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग और उनकी टीम तथा उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहारनपुर के सहायक अभियंता संजय कुमार को साथ लेकर निगम द्वारा छापा मारा गया और 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक बरामद की गयी और सवा लाख रुपये जुमार्ना भी वसूला गया। बरामद की गयी प्रतिबंधित सामग्री को नगर निगम की गाड़ियों में भरकर निगम लाया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व इंद्रपाल, सफाई निरीक्षक नीरज, राजवीर, आशीष, अमित चौधरी व सोमकुमार तथा प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने डिग्री कॉलेज की छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया

**खुर्जा**/गुरुवार को थाना खुर्जा नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना खुर्जा नगर पर एकेपी डिग्री कॉलेज की छात्राओं, व अध्यापिकाओं को थाना प्रांगण में बुलाकर मिशन शक्ति केंद्र सरकारी योजनाओं व पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में बारे में जानकारी दी गई व थाना परिसर का भ्रमण कराया गया,,कार्यक्रम में थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, महिला उप निरीक्षक अंजू बघेल म0का0 सरिता म0का0 राखी बंसल आदि उपस्थित रही, छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत जागरूक किया गया व सरकार द्वारा चलाए गई विभिन्न हेल्पलाइन नंबरो 1090, 1098,1076,1930,181,112 इत्यादि की जानकारी दी गई ।छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्या पूछी गई व उनके सवालों के जवाब दिए गए।

# घर से बुलाकर युवक पर धारदार हथियार से हमला

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी एक युवक के साथ घर से बुलाकर मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों सहित एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।क्षेत्र के गांव लोहरीपुर निवासी मनीष पुत्र पाले राम ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि दस फरवरी को क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी गौरव व शिवम पुत्रगण रमेश तथा मनीष पुत्र अमरपाल ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर उसे घर से बाहर बुलाया। आरोप है कि बाहर आते ही चारों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे।घटना के बाद से वह उपचार करा रहा था। हालत में सुधार होने पर बुधवार को उसने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद व एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# रमजान का आगाज, रहमतों का पहला अशरा शुरू,पहला रोजा आज

असदुल्लाह सिद्दीकी



सिद्धार्थनगर। माह-ए-रमजान का पहला रोजा बृहस्पतिवार से शुरू होगा।जिसके साथ ही रमजान शरीफ का पहला अशरा रहमत का शुरू हो गया। माह-ए-रमजान का पहला रोजा करीब 12 घंटा 51 मिनट का होगा।रमजान का पहला रोजा सबसे छोटा व अंतिम रोजा सबसे बड़ा होगा। रमजान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। माह-ए-रमजान की आमद से नगर में रौनक छा गई। मुस्लिम समाज में खुशियां फैल गई। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद पेश की।सोशल मीडिया पर रमजान की खास दुआ व मुबारकबाद के मैसेज शेयर किए गए। सभी लोग अल्लाह की इबादत में जुट गए। चांद की पुष्टि होने के बाद बुधवार से ही तरावीह की नमाज शुरू हो गई। पुरुषों ने मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा की।नमाज, कुरआन-ए-पाक की तिलावत, तस्बीह व दुआ का सिलसिला चल पड़ा, जो लगातार एक माह तक जारी रहेगा। लोगों ने अल्लाह की हम्द व सना की और इबादत में लग गए।एक महीने बाद खुशियों का त्योहार ईद परंपरा के अनुसार मनाया जाएगा। मुस्लिमों के लिए रमजान का महीना बहुत ही मुबारक महीना माना जाता है।इस माह में मुस्लिम लोग रमजान के पूरे महीने रोजा रखते हैं।कुरान की तिलावत करते हैं औरब अल्लाह की इबादत करते हैं।

# पालड़िछिना में लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** करालापालड़ी में गुलदार का आतंक होने पर ग्रामीण भयभीत थे ।मामले में क्षेपं सदस्य व स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाकर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की थी ।साथ ही कोई अनहोनी होने पर वन विभाग की जिम्मेदारी बताते हुए आंदोलन की चेतावनीी दी थी ।जिसके बाद वन विभाग सक्रिय हुआ। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। जिसके बाद गुरुवार देर रात आतंक का पर्याय बन रहा गुलदार लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ ।वन विभाग की टीम ने गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू कर गुलदार को चिकित्सीय जांच हेतु पशुपालन विभाग से जांच के बाद उसके इलाज के बाद उसे पुनः सुरक्षित वन में छोड़ने या उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने की प्रक्रिया कराई जा रही है। ग्राम प्रधान हेमा देवी ग्रामीण चंदन सिंह करायत,आनंद सिंह करायत पूरन सिंह बालम सिंह करायत, धीरेंद्र सिंह, साहिल, हर्षित अनुज करायत आदि नेअभी भी क्षेत्र में अन्य गुलदार होने की आशंका जताई है ।फिलहाल गुलदार के पिंजरे में कैद होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# सुस्त कार्यप्रणाली के खिलाफ हिंदू युवा शक्ति के आलोक नाथ शुक्ला का चक्का जाम



(संतोष कुमार सिंह )

**वाराणसीः-** भोजूबीर के नवलपुर मीरापुर बसही स्थित कुमार इंडियन ऑयल के बगल में नगर निगम व पशु चिकित्सक व्यवस्थाओं में कथित खामियों को लेकर उस समय माहौल गरमा गया जब हिंदू युवा शक्ति व आसपास के कई लोग सिंधौरा मार्ग को दोनों तरफ से बाधित कर चक्का जाम कर दियो हिंदू युवा शक्ति के योगी आलोक नाथ ने आरोप लगाया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक गाय को समय पर उपचार व पर्याप्त सुविधा न मिल सकी इस मुद्दे को लेकर हिंदू युवा शक्ति व प्रशासन के बीच कुछ समय तक तीखी नोकझोंक और खींचातानी की स्थिति बनी रहीं स्थिति तनावपूर्ण होते देख शिवपुर थाना प्रभारी और एसीपी कैंट नितिन तनेजा मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया हिंदू युवा शक्ति के लोगो ने पशु चिकित्सक विभाग की कमीयो की शिकायत लिखित रूप से किया है तो उसे लिखित रूप से कियो पुलिस हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हुओ जानकारी के लिए बता दे कि शाम करीब 7:30 बजे एक टोटो चालक द्वारा गाय को टक्कर लगने से कूल्हे की हड्डी टूटकर मांस बाहर आ गया था जिसकी सूचना नगर निगम व पशु चिकित्सक को दी गई ऐसे में हिंदू युवा शक्ति के प्रवीन दुबे हिंदू ने आरोप लगाया कि लगातार पांच घंटे से ज्यादा होने के बाद भी गाय को विभाग द्वारा उपचार नहीं मिला यह नगर निगम वाराणसी और पशु चिकित्सक विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली है ऐसे कर्मचारियों के ऊपर सख्त कार्यवाही हो उनका कहना है कि खुले में गाय को छोड़ने से आवारा कुत्ते नोंचते, दुर्गन्ध फैलती,संक्रमण व बीमारी का खतरा बना रहता है आए दिन गौ माता को लेकर व्यवस्थाओं व सुविधाओं में कमी देखने को मिल रहा है प्रदर्शन में मुख्य रूप शामिल हिंदू युवा शक्ति प्रदेश प्रचारक योगी आलोक नाथ प्रवीन दुबे हिंदू, अजय दुबे, उज्जवल पाठक,गौतम यादव व स्थानीय लोग शामिल रहे।

# जूनियर छात्र बोले ऑल द बेस्ट

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** खोलिया विवेकानंद इका गरुड़ में 12 वीं के भैया- बहनों को भावभीनी विदाई दी गई।इस मौके पर 11 वीं के छात्रों ने अपने सीनियर व कक्षाचार्यों को मंगल तिलक लगाया। ऑल द बेस्ट बोलकर गिफ्ट भी प्रदान किए। विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह की शुरूआत करते हुए 12 वीं के कक्षाचार्यों ने स्थानीय गोलू देवता के मंदिर में पूजा अर्चना की और घंटी चढ़ाई।पूजा पंडित गणेश जोशी ने संपन्न कराई।विदाई समारोह में प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने शुभकामनाएं देते हुए अच्छे परीक्षाफल की कामना की। परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर बड़सीला ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के टिप्स दिए।बारहवीं के भैया-बहिनों ने अपने संस्मरण साझा किए और विद्यालय में बिताए पलों को याद किया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान उमेश जोशी, हिमांशु उपाध्याय, महेंद्र नेगी, जगमोहन गुसाई, सुरेश जोशी, दीप तिवारी, धन सिंह गढ़िया, जगदीश जोशी, गणेश प्रसाद, देवेश तिवारी, शंकर सिंह, प्रमोद पंत, सतीश भट्ट, भुवन मिश्रा, दीपक गिरी, रजत जोशी, उमेश सिंह आदि।

# प्राकृतिक खेती देखने चोलापुर पहुंचे अमेरिका के राकफेलर फाउंडेशन प्रतिनिधि

संदीप तिवारी




वाराणसी । अमेरिका के राकफेलर फाउंडेशन के प्रतिनिधि एंड्रिव स्वीट व डिजिटल ग्रीन ट्रस्ट की सीईओ निधि भसीन ने बृहस्पतिवार को जनपद के चोलापुर विकास खण्ड के बबियांव में स्थित चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी(एफपीओ) व जयश्री बाग का विजिट किया।

उन्होंने एफपीओ से जुड़ी महिला किसानों के साथ संवाद कर उनकी आय वृद्धि,जैव विविधता संरक्षण,प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं कार्बन क्रेडिट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर हो रहे कार्यों की सराहना की। विशेष रूप से समूह की महिला किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म, फार्मर चैट व आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत एवं स्मार्ट खेती की दिशा में बढ़ते कदमों को उन्होंने अत्यंत प्रभावशाली बताया ।राकफेलर फाउंडेशन की टीम ने बड़ियां व परानापट्टी की महिला किसानों से व्यक्तिगत संवाद करके उनके अनुभव को सुना एवं जमीनी स्तर पर हो रहे नवाचारों को समझा। उन्होंने कहा कि चोलापुर कल्याण फार्मर प्रोड्यूसर आर्गनाइजेशन (एफपीओ)मॉडल सतत कृषि, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास का उत्कृष्ट उदाहरण है ।उन्होंने एफपीओ के क्रिया कलापों की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि वे शीघ्र ही अमेरिका से पुनः आकर इस पहल को और सशक्त बनाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान कृषि विभाग के खण्ड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी, शैलेंद्र रघुवंशी, फौजदार यादव, सौरभ रघुवंशी, शिव कुमार, विश्वेश सिंह, आकाश अस्थाना, फाल्गुनी, सुजीत पाण्डेय सहित क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

# श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में नेक्सेस 2026 का भव्य शुभारंभ



डॉ. शंभु पंवार

नई दिल्ली,19 फरवरी। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालय श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव नेक्सेस 2026 का शुभारंभ 18 फरवरी को अत्यंत भव्य, अनुशासित और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। ऊर्जावान प्राचार्य प्रो. वज्झला रवि के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव ने कॉलेज परिसर को कला, संस्कृति और युवा प्रतिभा के रंगों से सराबोर कर दिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि द हिंदू, नई दिल्ली के रेजिडेंट एडिटर वर्गीस के जॉर्ज रहे, जबकि श्री वेंकटेश्वर कॉलेज की एलुमनाई एवं प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका शिवांगिनी येशु युवराज तथा ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना प्रोमा मुखर्जी ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में कार्यक्रम की गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्राचार्य प्रो. वी. रवि ने कहा कि नेक्सेस महज एक उत्सव नहीं, बल्कि रचनात्मक सोच, सांस्कृतिक चेतना और युवा प्रतिभा का जीवंत मंच है, जो छात्रों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करता है। महोत्सव के पहले दिन का मुख्य आकर्षण रही सूफी नाइट, जहां अनिरुद्ध वर्मा और निजामी ब्रदर्स की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने समूचे परिसर को सूफियाना रंग में रंग दिया। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. मोहन नायडू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर छात्रों की भारी भीड़ से खचाखच भरा रहा और प्रत्येक प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज स्टूडेंट्स यूनियन की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# शरारती तत्वों ने मिठाई की दुकान में लगाई आग जलकर राख



वेलकम इंडिया

मिजार्मुराद। शिवरामपुर चट्टी पर हाईवे किनारे गुमटी में स्थित अवधेश पाल के मिठाई की दुकान में बुधवार की रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग की सूचना पर जब तक फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार ने आग लगी घटना में दो लाख रुपए से अधिक की क्षति बताई हैं। मिजार्मुराद थानांतर्गत शिवरामपुर गांव निवासी अवधेश पाल की चट्टी पर टीनशेड के अंदर दो गुमटी में मिठाई की दुकान हैं। बीती रात साढ़े 12 बजे अज्ञात शरारती तत्व गुमटी में आग लगा दिया ।आगलगी की सूचना पर दुकानदार मौके पर पहुंच यूपी 112 डायल किया ।घटना की सूचना मिलते ही मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय मौके पर पहुंचकर फायर बिग्रेड को बुलवाया ।फायर कर्मी जब तक मौके पर पहुंचे गुमटी के अंदर रखी मिठाई, काउंटर, बर्तन, रिफाइन समेत कुछ फुटकर पैसे जलकर राख हो गए। मिठाई की दुकान से कुछ दूरी पर स्थित संजय यादव के चाय-पान की दुकान का भी चोरो ने ताला चटका अंदर रखा कुछ सामान उठा ले गए ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल किया जा रहा है।

# कौसानी में फोटोशॉप व लाइटरूम की दो दिवसीय वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



कौसानी, पूरन दोसाद, प्रसिद्ध पर्यटन स्थल और मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विख्यात कौसानी में दो दिवसीय फोटोशॉप एवं लाइटरूम वर्कशॉप का शुभारंभ प्रसिद्ध फोटोग्राफरउमेश गोगना के मार्गदर्शन में किया गया। कौसानी बुरांश रिसॉर्ट में आयोजित फोटोशॉप में देश भर के प्रतिष्ठित फोटोग्राफर प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसका उद्घाटन रिसॉर्ट के चेयरमैन और आयोजक थ्रीस कपूर द्वारा किया गया ।फोटो वर्कशॉप में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवाओं एवं पेशेवरों को फोटो एडिटिंग के आधुनिक तरीकों से परिचित कराना है। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को फोटोशॉप और लाइटरूम के बेसिक टूल्स, कलर करेक्शन, इमेज एन्हांसमेंट, रॉ फाइल प्रोसेसिंग एवं प्रोफेशनल एडिटिंग तकनीकों की जानकारी दी जा रही है ।मशहूर मेंटोर उमेश गोगना, जो कि सोनी कैमरा के ब्रांड एंबेसडर भी हैं उनके द्वारा अपने अनुभव और ज्ञान को प्रतिभागियों कोसिखाया जा रहा है ।उनके द्वारा दी जा रही फोटोग्राफी की बारीकियों के द्वारा सही तकनीक और अभ्यास से किसी भी फोटो को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं को नई दिशा देने और फोटोग्राफी के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वर्कशॉप के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे ।इस दौरान दर्जनों प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# साइबर क्राइम टीम की तत्परता से ठगी के 2,18,000 रुपये पीड़ित को लौटाए

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़, पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना सिम्भावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिम्भावली की साइबर क्राइम टीम ने साइबर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के कुल 2,18,000 रुपये वापस कराए हैं ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम वैट निवासी इरफान पुत्र असरफ साइबर ठगी का शिकार हो गए थे, जिनके खाते से 2,18,000 रुपये की धनराशि अवैध रूप से निकाल ली गई थी। मामले की सूचना मिलते ही थाना सिम्भावली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं साइबर सेल के समन्वय से प्रभावी प्रयास किए। लगातार तकनीकी कार्रवाई और समन्वय के चलते पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी गई ।थाना प्रभारी सिम्भावली सुरेश कुमार ने बताया कि जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या लालच भरे संदेशों के झांसे में न आएं तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर या नजदीकी थाना/साइबर सेल से संपर्क करें। पुलिस आमजन की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है ।पीड़ित द्वारा धनराशि वापस मिलने पर हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त किया गया ।इस सफल कार्रवाई में थाना सिम्भावली की साइबर टीम के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स फेस्टिवल (आइपीएएफ) वाराणसी 2026 ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भव्य उत्सव मनाया



(संतोष कुमार सिंह )

वाराणसी :- इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स फेस्टिवल (आइपीएएफ) वाराणसी 2026 का सफल आयोजन प्रतिष्ठित पं.ओंकार नाथ ठाकुर ऑडिटोरियम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) वाराणसी में संपन्न हुआ इस भव्य आयोजन में देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों, सांस्कृतिक प्रेमियों और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिन्होंने भारतीय प्रदर्शन कलाओं की समृद्ध परंपरा का उत्सव मनाया आइपीएएफ के विजन के अंतर्गत आयोजित इस महोत्सव ने एक बार फिर पारंपरिक कला रूपों के संरक्षण,दिव्यांग कलाकारों के समर्थन तथा उभरते और प्रतिष्ठित कलाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया सामाजिक उद्यमी श्याम पांडेय की परिकल्पना से आरंभ हुआ आइपीएएफ इस उद्देश्य के साथ निरंतर कार्य कर रहा है कि कोई भी प्रतिभा मंच,पहचान और अवसर के अभाव में पीछे न रह जाऐ पिछले नौ वर्षों में आइपीएएफ ने भारत के विभिन्न राज्यों की राजधानियों एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहरों लद्दाख से तिरुवनंतपुरम और इम्फाल से अहमदाबाद तक 200 से अधिक महोत्सव सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं और अब यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति को विस्तार दे रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जिसके पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा कलाकारों का सम्मान किया गया पूरे आयोजन के दौरान सांस्कृतिक गौरव और कलात्मक एकता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला इस महोत्सव में प्रस्तुत उत्कृष्ट कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया दर्शकों ने भारतीय शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत की मनमोहक यात्रा का अनुभव किया बनारस घराने की परंपरा से जुड़ी ठुमरी, दादरा,कजरी और चैती जैसी शैलियों की उनकी प्रस्तुति को खूब सराहा गया।

# आश्वासन मिलने पर भाकियू अन्नदाता के किसानों ने चौथे दिन धरना किया स्थगित

वेलकम इंडिया



मथुरा। विकास खण्ड बलदेव कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता ने गुरुवार को चौथे दिन धरना प्रदर्शन को खण्ड विकास अधिकारी नेहा रावत के आश्वासन पर स्थगित कर दिया। भाकियू अन्नदाता के जिलाध्यक्ष जीतू जोशी के नेतृत्व में किसानों ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम किशनपुर एवं अन्य ग्रामों की जनसमस्याओं के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि प्रवीण यादव को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के जिलाध्यक्ष जीतू जोशी ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन स्थगित किया गया है ।गांव किशनपुर एवं अन्य ग्रामों में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की समस्याएं बनी हुई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से दलित मोहल्ले में बनी पोखर की सफाई कराना,खड़ंजा निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शहीद स्मारक निर्माण जैसी मांगें शामिल हैं। इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किसान धरना प्रदर्शन कर रहे थे। धरने के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ने किसानों से वार्ता की और उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। खण्ड विकास अधिकारी के आश्वासन के बाद किसानों ने फिलहाल कुछ दिनों के लिए धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है ।किसान नेताओं ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे पुनः आंदोलन शुरू करेंगे। इस दौरान रतन सिंह, गजाधर, संजय पाठक, ज्वाला सिंह, टीकम पाराशर, उमेश पाराशर, रघुवीर सिंह,दीपचंद, पटेल सिंह, वीरों सिंह, सिंधी, विनीत उपाध्याय, किशन सिंह,ओमा, हरिओम एवं श्याम सुंदर आदि रहे।

# लखनऊ लाठीचार्ज के विरोध में हापुड़ कांग्रेस का धरना, योगी सरकार की निंदा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



हापुड़, (गुरुवार)। 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नगरपालिका परिषद स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्रित हुए। कांग्रेस जनों ने शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और घटना की कड़ी निंदा की ।कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि 17 फरवरी को विधानसभा घेराव का आह्वान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा किया गया था, जिसके तहत विभिन्न जनपदों से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे ।जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गया तथा उन पर लाठीचार्ज किया गया, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती है ।शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा से जुड़े मजदूरों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी और जब तक केंद्र सरकार मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं करती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव गरीबों, वंचितों, शोषितों और मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती आई है और आगे भी करती रहेगी। धरना-प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, डॉ. वी.सी. शर्मा, रामप्रसाद जाटव, अमरनाथ प्रधान, पूरणमल आनंद, कय्यूम अली, डॉ. महबूब, नरेश कुमार भाटी, यशपाल ढीलोर, मोहम्मद नफीस, लाल बहादुर, गौरव गर्ग, कपिल शर्मा, संजय छाबड़ा, अनुज कुमार एडवोकेट, प्रवीण शर्मा, रविन्द्र गुर्जर, अफजाल सलमानी आदि रहे।

# ग्रामीण अंचल में ज्ञान का दीप प्रज्वलित: अजराड़ा में आधुनिक विद्यालय का लोकार्पण

जाकिर तुर्क



मेरठ। शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के तहत ग्राम अजराड़ा के अटौला मार्ग पर स्थापित वी एम पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीण परिवेश में आधुनिक शिक्षण संस्थान की स्थापना को स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किठौर क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर उपस्थित रहे। उनके साथ राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली तथा ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विद्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अजराड़ा के पूर्व ग्राम प्रधान हाजी बाबू खां भी विशेष रूप से मौजूद रहे ।समारोह की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब अख्तरुल वासे, जिन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है और जो जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व डीन रह चुके हैं, कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ पूर्व प्रधानाचार्य खालिद सैफुल्लाह एवं जामिया हमदर्द के पूर्व संकाय सदस्य हफीज ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय के निदेशक नाजिम चौधरी ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, संस्कारनिष्ठ एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अनुशासित वातावरण, योग्य शिक्षकों की नियुक्ति तथा नवीन शिक्षण संसाधनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों को प्रतिस्पर्धात्मक युग के अनुरूप तैयार किया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शाहिद मंजूर ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति का आधार शिक्षा होती है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे संस्थानों की स्थापना को समय की आवश्यकता बताया। सांसद बाबू मुनकाद अली ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालय प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं। प्रो. अख्तरुल वासे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की प्रक्रिया भी है, इसलिए विद्यालयों को नैतिक मूल्यों पर विशेष बल देना चाहिए ।समारोह के दौरान विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया था। बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।

# डिबाई ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 150 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

वेलकम इंडिया

डिबाई। डिबाई ब्लॉक में गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 150 वर-वधू ने एक साथ वैवाहिक जीवन की नई शुरूआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनुज केसरी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद,समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वर-वधुओं के परिजन रिश्तेदार एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी जोड़ों को मंच से आशीर्वाद प्रदान किया गया। शासन की ओर से प्रदान की गई सामग्री मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन की ओर से उपयोगी गृहस्थी सामग्री भेंट की गई, जिसमें प्रमुख रूप से–05 साड़ियां (ब्लाउज सहित), पेटीकोट एवं चुनरी पैंट-शर्ट का कपड़ा फेटा/गमछा चांदी की पायल (एक जोड़ी)चांदी की बिछिया (एक जोड़ी)डिनर सेट (स्टेनलेस स्टील) 5 लीटर का प्रेशर कुकर एल्यूमीनियम कड़ाही (5 किलो)स्टील की ट्रॉली बैडिंग किट दीवार घड़ी सीलिंग फैन कूलर आयरन प्रेस डबल बेड चादर व पिलो कवर कंबल गद्दा (सिंगल बेड) तकिया सिन्दूर, चूड़ी (लाल कांच), कंगन अतिरिक्त 2 नग हॉट पॉट/रोटी बॉक्स सभी सामग्री उत्तम गुणवत्ता की प्रदान की गई।

# वाराणसी में केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने 885 कारीगरों को 1602 मशीनें और टूलकिट वितरित किए

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए 19 फरवरी गुरुवार को सेवापुरी स्थित गांधी आश्रम के खादी एवं ग्रामोद्योग विद्यालय परिसर में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य 'हर घर स्वदेशी-घर- घर स्वदेशी' को मजबूत करना और नए भारत की नई खादी' को प्रोत्साहन देना थो इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष मनोज कुमार ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य हंसराज विश्वकर्मा की उपस्थिति में 885 प्रशिक्षित कारीगरों को कुल 1602 उपकरण एवं टूलकिट वितरित किए जिनमें वर्चुअल माध्यम से केवीआईसी के मध्य क्षेत्र के अंतर्गत राज्य कार्यालय लखनऊ एवं देहरादून में वितरित 450 बी-बॉक्स भी शामिल हैं इससे कारीगरों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार को बल मिलेगा इसी क्रम में वाराणसी के जिला उद्यम एवं उद्योग प्रोत्साहन केंद्र चाँदपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया प्रदर्शनी 26 फरवरी तक चलेगी इसमें विभिन्न राज्यों के 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' के विजन को प्रदर्शित करती है इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देना है कारीगरों को संबोधित करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी अब वैश्विक ब्रांड बनने की दिशा में अग्रसर है उन्होंने कहा कि नए भारत की नई खादी' केवल वत्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रतीक बन चुकी है उन्होंने आगे कहा कि ग्रामोद्योग विकास योजना प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' अभियान का महत्वपूर्ण अंग है जो ग्रामीण कारीगरों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रही है इस अवसर पर मंडलीय कार्यालय वाराणसी की परिधि में आने वाले कारीगरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया जिनमें 580 विद्युत चालित चाक,400 बी-बॉक्स,दस फुटवियर निर्माण मशीन, 100 फुटवियर रिपेयरिंग टूलकिट,दस ऑटोमैटिक अगरबत्ती मशीन,चार सेट तेल घानी मशीन,आठ सेट दोना-पत्तल निर्माण मशीन तथा 40 वेस्ट वुड क्राफ्ट टूलकिट शामिल हैं साथ ही,वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में 200 व देहरादून में 250 बी-बॉक्स का भी वितरण किया गया अध्यक्ष केवीआईसी मनोज कुमार ने मंडलीय कार्यालय वाराणसी में खादी और ग्रामोद्योग के विकास पर चर्चा करते हुए यह भी बताया गया कि मंडलीय कार्यालय वाराणसी के अंतर्गत 111 खादी संस्थाएं कार्यरत हैं।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील से भारत का किसान होगा बबार्द: जीते चौहान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर,** 19 फरवरी। गढ़मुक्तेश्वर तहसील परिसर में बुधवार को आयोजित मासिक किसान पंचायत में अमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। पंचायत की अध्यक्षता सरदार संतोष सिंह ने की तथा संचालन मेरठ मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी ने किया।मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि अमेरिका के साथ की जा रही ट्रेड डील भारत के किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश का किसान बर्बाद हो जाएगा।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसानों के हितों की अनदेखी की तो देशभर में जगह-जगह आंदोलन होंगे और दिल्ली एक बार फिर किसानों के आंदोलन से घिर सकती है। उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर को किसी भी कीमत पर भूखा नहीं मरने दिया जाएगा।पंचायत में आवारा पशुओं का मुद्दा भी गमार्या रहा। मेरठ मंडल मुख्य महासचिव दिनेश त्यागी ने घोषणा की कि 20 फरवरी को गढ़मुक्तेश्वर ब्लॉक कार्यालय पर आवारा पशुओं को ले जाकर घेराव किया जाएगा।गुजराल साहब ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) की कानूनी गारंटी देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील किसानों के लिए डेथ सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षरह्व करने जैसा है।मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह ने सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि वहां खुलेआम अनियमितताएं हो रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने चेतावनी दी कि शीघ्र ही इस मुद्दे पर भी घेराव किया जाएगा।ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि किसान का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं मंडल सचिव राजू ठाकुर ने गन्ना भुगतान में देरी और विद्युत विभाग द्वारा किसानों के कनेक्शन काटे जाने पर रोष व्यक्त किया।

# मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 23 फरवरी से वार्षिकोत्सव मृदंग-2026 का आगाज




उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव मृदंग-2026 का आयोजन 23 एवं 24 फरवरी को किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक विविधता, युवा प्रतिभा और नवाचार का संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गौरव शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को रचनात्मक मंच प्रदान करना तथा देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषयक गतिविधियों के साथ पारंपरिक लोक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विविध राज्यों के व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। 23 फरवरी को सोलो डांस, एकल गायन, बैटल ऑफ बैंड्स, रैप बैटल, थीम आधारित फैशन शो तथा डीजे नाइट जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।इसी दिन आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के अंतर्गत टॉयकाथॉन-2026 का भी आयोजन किया जाएगा।इसमें छात्र भारतीय संस्कृति, प्राचीन ग्रंथों एवं पारंपरिक खेलों से प्रेरित स्वदेशी खिलौनों का निर्माण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य देश के घरेलू खिलौना उद्योग को प्रोत्साहित करना तथा लुप्तप्राय पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना है।24 फरवरी को नुक्कड़ नाटक, समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं विजेता प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण हरियाणा की प्रसिद्ध गायिका एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शिवा चौधरी की लाइव प्रस्तुति रहेगी।शिवा चौधरी अपनी ऊर्जावान गायकी और हरियाणवी लोक शैली के आधुनिक फ्यूजन के लिए जानी जाती हैं।वे अपने चर्चित गीत जले 1, जले 2, टैग आवारा के, काले कागज, सरपंच एवं फाइनेंसर की प्रस्तुति देंगी।प्रेस वार्ता में संस्थान के प्रेस प्रवक्ता अजय चौधरी, डॉ. गौरव शर्मा, पी.के. गौतम, रीतिमा, सोनल सहित छात्र समन्वयक खुशी, सारांश, कुश, प्रतीक, गायत्री, अलीशा एवं ऋतिक उपस्थित रहे। महोत्सव मृदंग-2026 के माध्यम से एमआईटी विद्यार्थियों को सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और मनोरंजन का सशक्त मंच प्रदान करेगा।

# सिद्धी विनायक महाविद्यालय एनएसएस के छात्र छात्राओं ने किया औषधीय पौधारोपड़

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वंय सेवक छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम राल के प्राचीन स्थल मढ़ी मन्दिर के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। और वक्ताओं द्वारा पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालकर जानकारी दी गयी। एनएसएस विशेष शिविर के तहत प्राचीन मढ़ी मंदिर प्रांगण के चारों ओर साफ-सफाई कर पौधारोपण किया।इससे पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम राल के मुख्य बाजारों से होकर गांव की परिक्रमा लगाते हुये एक जन जागरूकता रैली निकाली गयी। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अथिति महंत जसवंत दास महाराज और ग्राम राल के पूर्व प्रधान ईश्वर दयाल ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वंय सेवकों को पेड़-पौधाओं को सुरक्षित रखने के लिये प्रेरित भी किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम की ग्रामीणों ने खूब प्रशंसा की।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि आज सभी विद्यार्थियों को अपने जन्मदिन पर पौधा लगाने और उसको बचाने का संकल्प दिलाया गया है।वृक्ष हमारे जीवन प्राण है।हमें उनकी देखभाल एक छोटे बच्चे की तरह करनी चाहिये। प्रो. विष्णुकांत शर्मा ने बताया कि एनएसएस युवायों के लिये राष्ट्र सेवा करने का एक सशक्त माध्यम है।प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि एनएसएस से युवाओं में नेतृत्व और सामाजिक कार्यो की क्षमता का विकास होता है।प्राध्यापिका याचना शर्मा ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को बचाने के लिए हमें वृक्ष लगाने की अति आवश्यकता है। प्राध्यापक भानु अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को पॉलीथिन प्रयोग न करने का संकल्प दिलाया।पीटीआई दिलीप यादव ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान को लेकर समाज में बेटियों के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक पवन कुमार और कुमरपाल ने किया। टीकम सिंह रजावत और प्रकाश सिंह ने सभी अथितियों का स्वागत करके उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्राध्यापिका मोनिका भारद्वाज द्वारा मनमोहक भजन सुनाया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम से पूर्व छात्र छात्राओं ने छटीकरा स्थित प्राचीन गरुण गोविंद मंदिर और सिद्ध मंघेरे वाले हनुमान जी मंदिरों का दर्शन लाभ लिया।इस मौके पर ग्रामीण ठाकुर नवल सिंह, शिवराम ठाकुर, संजू ठाकुर, तारा ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किये।

# जेब कतरे को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा




वेलकम इंडिया

**डिबाई/बुलंदशहर**/डिबाई ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में जेब कतरे को पकड़ कर पुलिस को सौंपा। आपको बता दें डिबाई में आने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन में जब लोग वहां पर अपने नाम चेक कर रहे थे उसी टाइम एक जेब कतरा ने जेब में रखे 9500 सौ रुपए निकाल कर फरार हो गया। उसी समय जेबकट दूसरे युवक की जेब काटने का प्रयास कर रहा था उसी दौरान लोगों ने जेबकट को रंगेहाथ पकड़ लिया जब वह भागने लगा तो लोगों ने उसको दौड़कर भागते समय उसको पकड़ लिया तो यह कहने लगा कि पैसे मैंने नहीं निकाले कोई ओर हो सकता किसी दूसरे ने निकाले होंगे अपने को हाथरस का निवासी बता रहा था पुलिस जांच कर रही है।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर टैक्स वृद्धि के विरोध में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ




गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)सरकार द्वारा डळ्ळ प्लेटफॉर्म्स पर टैक्स वृद्धि किए जाने के विरोध में आज गौतम बुद्ध नगर में प्रधान जी हेल्पिंग फाउंडेशन ड्राइवर एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रिंकू प्रधान को समर्थन देते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) तथा जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर पुलकित सिंगल के नेतृत्व में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने सरकार द्वारा डळ्ळ सेवाओं पर लगाए गए बढ़े हुए टैक्स का कड़ा विरोध दर्ज कराया।पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में देश पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।ऐसे में डळ्ळ प्लेटफॉर्म्स पर टैक्स बढ़ाना आम जनता, विशेषकर मध्यमवर्ग, श्रमिक वर्ग, ड्राइवर समुदाय एवं युवाओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है।राष्ट्रीय अध्यक्ष रिंकू प्रधान ने कहा कि डिजिटल युग में डळ्ळ प्लेटफॉर्म्स मनोरंजन का सुलभ और किफायती माध्यम बन चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और कामकाजी वर्ग के लोग भी कम खर्च में परिवार सहित मनोरंजन का लाभ उठा पा रहे थे, लेकिन टैक्स वृद्धि से उनकी जेब पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनभावनाओं के विपरीत है और इसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए।राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति हमेशा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है। संगठन किसानों, मजदूरों, ड्राइवरों और आम नागरिकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ता आया है। यदि सरकार ने डळ्ळ टैक्स वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया तो संगठन जिला स्तर से लेकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा।जिला अध्यक्ष पुलकित सिंगल ने प्रशासन के माध्यम से सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन अभियान और आवश्यक होने पर व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी।संगठन ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन जनता के हितों से समझौता किसी भी कीमत पर नहीं किया जाएगा।

# चट मंगनी पट निकाह क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

बुलंदशहर अहार में चट मंगनी पट निकाह हो गया है।हुआ यूं अहार निवासी एक व्यक्ति की दो लड़कियां खेतों में मेहनत मजदूरी कर रही थी इसी दौरान उनकी एक छोटी लड़की से जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव जलीलपुर के युवक से उस छोटी लड़की को पकड़ लिया गया। समाज के अच्छे लोगों ने लड़की के पिता को सलाह दी कि दोनों का ईमरजेंसी निकाह कुबूल करवा दीजिए।उसके बाद युवक और युवती का एक अस्पताल में निकाह कुबूल करवा दिया गया है।वह युवक उस को अपने घर लेकर चला गया है।इस को कहते है चट मंगनी पट निकाह।

# समस्त जर्जर भवनों को हटाए, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करे:मण्डलायुक्त

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के अंतर्गत नगर पंचायत बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली एवं लठामार होली की तैयारियों के संबंध में बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त नागेन्द्र प्रताप, पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। 24 फरवरी को बरसाना में लडडू होली, 25 फरवरी को बरसाना में लठामार होली तथा 26 फरवरी को नन्दगाँव में लठामार होली की व्यवस्थाओं के संबंध समीक्षा हुई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है।बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे है।13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा 05 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी।बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सख्त निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखे, 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी सुनिश्चित करे तथा अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों, विद्युत कर्मियों आदि के पास जारी करे तथा उन्हें यूनीक ड्रेस दी जाए, जिससे आसानी से उक्त कर्मचारी पहचान में आ जाए।उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि आवारा पशुओं को पकड़े तथा निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाए। उन्होंने सभी पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने व्यवहार में विनम्र, सरल एवं सहज रहे। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप ने निर्देश दिए कि समस्त जर्जर भवनों को हटाए, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करे, नकली/गंदा/केमिकल युक्त रंग का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित करे, नकली/ गंदा /केमिकल युक्त रंग को बेचने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। समस्त ई-रिक्शा का चिन्हीकरण करते हुए उन्हें निर्धारित रूट दिया जाए।उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड, पीए सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने भी कहा कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। अपनी भाषा को मृदुल रखे तथा सेवा-भाव से ड्यूटी का निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि होटल एवं पार्किंग संचालकों के साथ बैठक करे। होटल एवं पार्किंग संचालक सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करे कि वे अपने जूता-चप्पल होटल या अपनी गाड़ी में उतार कर दर्शन हेतु जाए, क्योंकि दर्शन हेतु एकल मार्ग की व्यवस्था है।नकली गुलाल बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा थाना प्रभारी बरसाना को निर्देश दिए कि कही पर भी नकली गुलाल नहीं बिकना चाहिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अधिशासी अधिकारी बरसाना एवं मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों, गलियों एवं चौक की पेंटिंग, लाइटिंग एवं साज सज्जा की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों, साज-सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी पॉइन्ट आदि का निर्माण एवं लाइव प्रसारण आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जाए, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करे तथा निर्देशित करे कि गुणवत्तापूर्ण मिष्ठान/भोजन/अन्य सामग्री का प्रयोग करे। दूषित एवं मिलावटी प्रदार्थों को नष्ट कराए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी दुकान एवं रेस्टोरेंट संचालक का उत्पीड़न / शोषण नहीं होना चाहिए। बैठक में अवगत कराया है कि रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वार की स्थापना की जा रहे है, जिसमें बरसाना में 05, नन्दगाँव में 04 तथा जनपद में कुल 23 द्वार बनाए जा रहे है।

रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जा रही है, जिसमें बरसाना में 5 एवं नंदगांव में 2 सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि भंडारा लगाने वालों को सफाई हेतु निर्देशित किया जाए तथा उक्त स्थानों पर सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। जगह-जगह पर कूडादान लगाए जाए।लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि कुंडो की बैरिकेडिंग तथा पुलिस बैरियर मजबूत बनाए जाए।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सुदृढ़ साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उक्त मेला प्लास्टिक मुक्त मेला होना चाहिए। जिलाधिकारी ने हेलीपैड का कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाना एवं नंदगांव के आस पास के अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखे, उनकी एम्बुलेंस को अलर्ट रखे तथा वहां के डॉक्टर्स के साथ बैठक करले।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निर्देश दिए कि पाकिंर्गों हेतु दिशा सूचक चिन्ह लगाए जाए तथा अधिकारी भ्रमण करते हुए पाकिंर्गों में लाइट, पेयजल, शौचालय, रैंप, साइनबोर्ड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।रोडवेज बसों का संचालन एकल मार्ग व्यवस्था में होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन एवं पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को सुचारू रखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र पर पैनी निगरानी सुनिश्चित करें।सक्रिय खोया पाया केंद्र एवं कंट्रोल रूम होना चाहिए।

# अगर जिंदगी में सफल होना है तो अपने लक्ष्य को समय से निर्धारित कर ले: शोभित नेहरा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा और संस्कारों की पाठशाला है विद्या का मंदिर छाया स्कूल पहुंचकर भावुक हुए शोभित नेहरा। सफलता के शिखर पर विराजमान छाया स्कूल के पूर्व छात्र शोभित नेहरा अपने स्कूल के पुराने दिनों को याद करके बेहद भावुक हो गए यूके मोदी ग्रुप में डी जी एम लीगल पद पर कार्यरत शोभित नेहरा ने अपने जूनियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि छाया स्कूल मेरी जिंदगी का एक ऐसा शिक्षा का संस्थान रहा ।

जहां मुझे शिक्षा, संस्कार, आत्मविश्वास, और जीने की राह दिखाएं। मैं अपने संस्थान का सदैव ऋणी रहूंगा। उन्होंने अपने भाषण में कहा की मन पर जिसने काबू कर लिया वह जिंदगी में कभी असफल नहीं हो सकता। मन अच्छे कार्य को बाद के लिए छोड़ना चाहता है और गलत को पहले इसलिए हमें अपने मन पर काबू रखने की जरूरत है। अगर जिंदगी में सफल होना है तो अपने लक्ष्य को समय से निर्धारित कर ले तो दुनिया की कोई ताकत उसे मुकाम पर पहुंचने में नहीं रोक सकती। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा पुष्प भेंट कर भविष्य में और बेहतर करने के लिए आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने उनको सॉल व स्मारिका पत्रिका देकर सम्मानित किया और कहा शोभित बचपन से ही विलक्षन प्रतिभा के धनी थे और उनके अंदर का आत्मविश्वास,लगन, और मेहनत उन्हें सफलता के इस शिखर तक ले गई और भविष्य में एक दिन और बड़ा नाम बनकर उभरेगा और छाया स्कूल ही नहीं पूरे मोदीनगर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगा उनके आगमन पर बच्चों व शिक्षकों में बेहद उत्साह दिखाई दिया।

# वादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वादी संवाद दिवस के अवसर पर एसीपी भास्कर राव व एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्रा ने वादियों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए।एसीपी भास्कर राव एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को थाना परिसर में आयोजित वादी संवाद दिवस में वादी की समस्याओं को सुना। एसीपी भास्कर राव ने अधीनस्तों को निर्देशित किया कि कि वादी का हित सर्वोपरि है किंतु शिकायत की जांच पडताल के बाद ही कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जांच भी समयबद्ध तरीके से की जानी चाहिए ताकि पीडित को समय से न्याय मिल सके।इस अवसर पर करीब एक दर्जन वादियों की समस्याओं को सुना गया जिसमें से छह से अधिक की समस्याओं का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

# खेतों में पैदावार बढ़ाने और मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से 20 जनवरी को कैंप होगा आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी ने बताया कि खेतों में पैदावार बढ़ाने और मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से कृषि विभाग की ओर से गन्ना समिति मुख्यालय पर 20 जनवरी को कैंप आयोजित होगा। जिसमें किसानों के मिट्टी के नमूनों की जांच की जायेगी। बाद में इसके लिए मृदा परीक्षण मेगा अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान के तहत मिट्टी के 16 आवश्यक पोषक तत्वों की जांच कर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए जाएंगे। गन्ना समिति के सचिव आर बी अंबेडकर ने बताया कि सरकार खेतों की क्षमता परखने के लिए मिट्टी की जांच अभियान चला रही है ताकि खेतों में पोषक की कमी को दूर किया जा सके।इससे खेतों में पैदावार बढ़ जाएगी। गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी ने बताया कि पौधों को बेहतर वृद्धि के लिए कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैग्नीज, तांबा, लौह, क्लोरीन समेत 16 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।

समिति के अधीन आने वाले कई गांवो की कृषि भूमि में इन तत्वों की कमी देखी गई है, जिससे पैदावार प्रभावित हो रही है। इस अभियान के तहत मिट्टी के नमूने लिए जाएंगे और प्रयोगशाला में परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बाइनरी टेक-वीक 2026 का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ह्यबाइनरी टेक-वीक 2026ह्न का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय तकनीकी उत्सव के अंतर्गत टेक ऑक्शन 2.0 एवं टेक टॉक जैसे प्रमुख कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। यह आयोजन नवाचार, प्रतिस्पर्धा और ज्ञान-विनिमय का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ, जिसमें छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। ह्यबाइनरी टेक-वीक 2026ह्न का प्रमुख आकर्षण टेक ऑक्शन 2.0 रहा। यह एक रणनीति-आधारित बिडिंग प्रतियोगिता थी, जिसमें प्रत्येक टीम को पूर्व निर्धारित अंक प्रदान किए गए और उन्हीं अंकों के आधार पर प्रश्नों पर बोली लगानी थी। इस प्रतियोगिता ने छात्रों की तकनीकी समझ, समस्या-समाधान क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, जोखिम प्रबंधन तथा टीमवर्क कौशल को प्रभावी रूप से परखा। प्रतियोगिता के विजेताओं में प्रथम स्थान पर टीम बीएमएच , द्वितीय स्थान पर टीम कम अपेक्षाएँ तथा तृतीय स्थान पर टीम केएआरआर रही। प्रतिभागियों के उत्साह, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और दर्शकों की गूंजती तालियों ने पूरे वातावरण को रोमांचक एवं ऊजार्वान बना दिया ।दूसरे दिन आयोजित टेक टॉक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री मनोहर बत्रा, फ्रंट एंड टीम लीड, आईबीएम, उपस्थित रहे। उन्होंने फ्रंट एंड डेवलपमेंट, वर्तमान इंडस्ट्री ट्रेंड्स, आधुनिक तकनीकी अपेक्षाओं और करियर मार्गदर्शन पर अपने अनुभव साझा किए, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुए।इस सफल आयोजन में डॉ. अमित सिंघल, विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) के मार्गदर्शन तथा डॉ. विनीत श्रीवास्तव एवं मानसी अग्रवाल, फैकल्टी कोऑर्डिनेटर, के कुशल समन्वय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाइनरी क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्यों के अथक प्रयासों से ह्यबाइनरी टेक-वीक 2026 सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कॉलेज के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ. बी. सी. शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच. जी. गर्ग ने सभी आयोजकों एवं प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क पार कर रहे चार लोगों टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्री समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ले ली है।

जानकारी के मुताबिक दयापुरी कॉलोनी निवासी कांता देवी (45) गुरुवार सुबह बाजार से सामान लेने के लिए घर से निकली थीं। उनके साथ पड़ोस की सोनम भी थी। कोतवाली के सामने दोनों महिलाओं के अलावा उमेश पार्क कॉलोनी निवासी शंभू अपनी पुत्री सपना के साथ सड़क पार कर रहे थे। तभी मोदी मंदिर की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने चारों को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों लोग उछलकर सड़क पर दूर जाकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत ऑटो से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने कांता देवी को मृत घोषित कर दिया। शंभू की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। सोनम और सपना का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त भाष्कर वर्मा ने बताया कि आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज का जर्मन संस्था स्टाइनबाइस फाउंडेशन इंडिया से शैक्षिक करार



वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** तकनीकी शिक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद तथा एमआईईटी समूह ने स्टाइनबाइस फाउंडेशन इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के अंतर्गत इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में भारत-जर्मन प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र दोनों देशों के नवाचार तंत्र को जोड़ने, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने तथा आधुनिक तकनीकों के हस्तांतरण को गति देने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से संयुक्त शोध, उद्यमिता विकास, कौशल उन्नयन तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों, सम्मेलनों और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान प्रबंधन के अनुसार जर्मनी की उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता के समन्वय से सतत विकास की दिशा में ठोस पहल संभव होगी। यह सहयोग विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। समझौता ज्ञापन पर स्टाइनबाइस फाउंडेशन इंडिया के अध्यक्ष विनीत गोयल तथा इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के उपाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, विभिन्न औद्योगिक संगठनों तथा एक्सेल जियोमैटिक्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग क्षेत्र की चुनौतियों एवं जर्मन तकनीक के माध्यम से भारत में तकनीकी उन्नयन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्थान प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल भारत और जर्मनी के बीच शैक्षिक एवं तकनीकी सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगी तथा विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाएगी।

# भाजपा सबका साथ सबका विकास असल मायनों में करने वाली सरकार है-अपराजिता सिंह



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा उत्तर प्रदेश रामचंद्र कन्नौजिया का आगमन मोदीनगर शहर में जिला मंत्री भाजपा श्रीमती अपराजिता सिंह के आवास पर हुआ। एक राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक कार्यकर्ता के आवास पर आकर परिवार से कुशलक्षेम जाना प्रेरणास्त्रोत है और भाजपा के मूल भाव - संगठन ही शक्ति है का बहुत सुंदर उदाहरण है। इस मौके पर दोनों अध्यक्षों ने शहर का कुशलक्षेम भी मौजूद लोगों द्वारा जान। भाजपा सबका साथ सबका विकास असल मायनों में करने वाली सरकार है। इस अवसर पर सागर के पास बन रहे विश्व के सबसे बड़े संत रविदास मंदिर के बारे में भी जानकारी दी। यहाँ परिवार से शशांक शर्मा, नीरज शर्मा , दमयंती सिंह, शिव राज सिंह समस्त परिवार और शहर से पंकज कंसल,राज वर्मा, सुबोध,कर्दम और संजय सिंह उपस्थित रहे ।

# गोवर्धन चंद्रा गार्डन में चौधरी धन्ना लाल सैनी चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में सर्वजातीय विवाह समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** फुलैरा दूज के पावन अवसर पर 19 फरवरी को गोवर्धन स्थित चंद्रा गार्डन में चौधरी धन्ना लाल सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 51 जोड़ों ने विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरूआत की। समारोह में विभिन्न समाजों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं तथा ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है। समिति के अध्यक्ष गिरिराज सैनी ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाज सेवा और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं उपहार भेंट कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई।

# मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 23 फरवरी से वार्षिकोत्सव मृदंग-2026 का आगाज

उज्जवल रस्तौगी




**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव मृदंग-2026 का आयोजन 23 एवं 24 फरवरी को किया जाएगा। दो दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक विविधता, युवा प्रतिभा और नवाचार का संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गौरव शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को रचनात्मक मंच प्रदान करना तथा देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषयक गतिविधियों के साथ पारंपरिक लोक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विविध राज्यों के व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। 23 फरवरी को सोलो डांस, एकल गायन, बैटल ऑफ बैंड्स, रैप बैटल, थीम आधारित फैशन शो तथा डीजे नाइट जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इसी दिन आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के अंतर्गत टॉयकाथॉन-2026 का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें छात्र भारतीय संस्कृति, प्राचीन ग्रंथों एवं पारंपरिक खेलों से प्रेरित स्वदेशी खिलौनों का निर्माण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य देश के घरेलू खिलौना उद्योग को प्रोत्साहित करना तथा लुप्तप्राय पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना है।

24 फरवरी को नुक्कड़ नाटक, समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं विजेता प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण हरियाणा की प्रसिद्ध गायिका एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर शिवा चौधरी की लाइव प्रस्तुति रहेगी।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत जिला बिजनौर इकाई हल्दौर द्वारा नगर खेल कुंभ के माध्यम से वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसमें अनेकों कॉलेज ने प्रतिभा किया। जिसमें हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज प्रथम रहा। इस अवसर पर प्रांत से सह संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ उपाध्याय, प्रांत सह मंत्री हनी अहलावत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनमोल चौधरी व जिला सोशल मीडिया संयोजक अभय प्रताप सिंह व कॉलेज अध्यक्ष सोनिया रानी आदि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे साथी विजेता टीम को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्जवल भविष्य की लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रमजान और होली को देखते हुए कानून-व्यवस्था की व्यापक रणनीति तैयार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आगामी रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त जे. रवींद्र गौड़ के निर्देशन में गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध नियंत्रण समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/यातायात राज करन नैय्यर, पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल, पुलिस उपायुक्त देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी, एडीसीपी लिपि नगायच, सहायक पुलिस आयुक्त नगर उपासना पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी प्रियाश्री पाल, सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर सूर्यबली मौर्य सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को शून्य करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भीड़-भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों, प्रमुख चौराहों और चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि आम नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें। बैठक के दौरान हाल ही में हुई आपराधिक घटनाओं का विश्लेषण कर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई ही अपराध नियंत्रण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सक्रिय अपराधियों की निगरानी बढ़ाई जाए और उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जे. रवींद्र गौड़ की कार्यशैली का प्रमुख पहलू उनकी रणनीतिक सोच और तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर जोर देना है। समीक्षा गोष्ठी में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के समुचित उपयोग से अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की पहचान दोनों में तेजी आती है। रात्रिकालीन गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया।



# नोएडा के करीब 12 स्कूलों को मिली बम से उड़ने की धमकी भरा ईमेल





वेलकम इंडिया, कपिल चौहान

नोएडा के करीब 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का एक मेल आया है। यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। इसमें दावा किया गया है कि स्कूल परिसर में विस्फोटक रखे गए हैं। सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को को जानकारी दी। पुलिस ने स्कूलों में पहुंचकर एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। जांच में कहीं कोई विस्फोटक नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कई स्कूलों में धमकी भरा मेल आया है। ई-मेल को जांचने के लिए साइबर टीम ई-मेल की जांच में जुटी है। इससे पहले भी 23 जनवरी को करीब 20 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी यह धमकी ऐसे समय में मिली है जब स्कूलों में सीबीएसई की परीक्षाएं चल रही हैं। ईमेल की जानकारी मिलते ही स्कूलों ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। कई स्कूलों ने अभिभावकों को मैसेज भेजकर जानकारी दी।

# यूजीसी के खिलाफ सवर्ण महासभा का आर-पार का ऐलान



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सवर्ण महासभा ने यूजीसी कानून के विरोध में गुरुवार को आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए शहरों और गांवों के प्रत्येक मोहल्ले में इसके विरोध स्वरूप शवयात्रा निकालने का निर्णय लिया है। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने कानून वापस नहीं लिया तो सवर्ण समाज नगर निकाय से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव तक अपने प्रतिनिधि मैदान में उतारेगा। यह निर्णय महासभा की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। महासभा के प्रवक्ता ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा 'हनुमानज ने कहा कि सरकार की नजर में सवर्ण समाज का कोई महत्व नहीं रह गया है, इसलिए अब तक यूजीसी कानून वापस नहीं लिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज अब शांत बैठने वाला नहीं है और जब तक इस 'काले कानूनज को वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज ने हमेशा सर्वहित और सर्वसमाज कल्याण की भावना के साथ कार्य किया है। समाज ने अपने स्वार्थ का त्याग कर सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया, शिक्षा संस्थान स्थापित किए, अस्पताल खोले, धर्मशालाएं बनवाईं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर सेवा कार्य किए। समाज द्वारा जरूरतमंद कन्याओं के विवाह, बच्चों को कॉपी-किताबें, जूते, बैग व गर्म कपड़े उपलब्ध कराने और निशुल्क शिविर आयोजित करने जैसे कार्य उसकी सेवा भावना के उदाहरण हैं। बी.के. शर्मा ने आरोप लगाया कि समाज विरोधी तत्व सवर्ण समाज की प्रगति से असहज हैं और उसे दबाने के लिए विभिन्न कानून थोपे गए। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून का उपयोग सवर्ण समाज के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस कानून के दुरुपयोग की संभावना पर संशोधन की आवश्यकता जताई थी, इसके बावजूद सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महासभा के संयोजक वी.के. अग्रवाल ने कहा कि अब बात बच्चों के भविष्य की है। समाज वर्षों से अत्याचार सहता आया है, लेकिन अपने बच्चों के अधिकारों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज अपने बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं होने देगा और इसी कारण आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया गया है।संयोजक सेवाराम त्यागी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कानून वापस नहीं लिया तो सवर्ण समाज नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव तक अपने उम्मीदवार उतारेगा और सत्ता परिवर्तन के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगा। बैठक में विनय कक्कड़, प्रेमचंद त्यागी, सुनील निगम, स्वरूप चंद शर्मा, नरेंद्र कुमार नदी, डॉ. सतीश भारद्वाज (एडवोकेट), सतीश चोपड़ा, संजय चौहान, देवेंद्र हितकारी, रमेश मंगल, विनोद त्यागी सहित अनेक पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में यूजीसी मुद्दे पर निर्णायक बैठक

वेलकम इंडिया,कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** आज गाजियाबाद में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दूधेश्वर नाथ मठ के पूज्य महंत से मुलाकात कर यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने संगठन के दृष्टिकोण को विस्तार से रखते हुए समर्थन का आग्रह किया। बैठक में यूजीसी के हालिया नियमों, सवर्ण समाज के अधिकारों और सनातन परंपराओं से जुड़े विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. राज शेखावत ने कहा कि संगठन शिक्षा व्यवस्था में समानता, पारदर्शिता और परंपरागत मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के दौरान महंत जी ने विषय की गंभीरता को स्वीकार करते हुए पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समाज और धर्महित से जुड़े मुद्दों पर संत समाज सदैव सजग रहा है और आगे भी रहेगा। इसके उपरांत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा गाजियाबाद जिला प्रशासन कार्यालय पहुंचकर संबंधित मांगों को लेकर औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी नियमों की समीक्षा, पारदर्शी संवाद और सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। डॉ. राज शेखावत ने कहा कि यह अभियान लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से जारी रहेगा तथा समाज के व्यापक हितों के लिए संगठन सतत प्रयासरत रहेगा। प्रमुख बिंदुः दूधेश्वर नाथ मठ में यूजीसी विषय पर विस्तृत चर्चा महंत जी द्वारा पूर्ण समर्थन की घोषणा गाजियाबाद जिला प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन शिक्षा और समाजहित में शांतिपूर्ण जनजागरण का संकल्प करणी सेवा संगठन ने स्पष्ट किया कि वह संवैधानिक दायरे में रहकर समाजहित के मुद्दों को उठाता रहेगा।






## आमजन के लिए आधार, आयुष्मान व नेत्र जांच शिविर आयोजित,सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**गाजियाबाद।** प्रताप विहार, विजयनगर स्थित लीलावती इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में गुरुवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ द्वारा आधार कार्ड शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीकरण तथा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन सदर विधायक संजीव शर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं डाक विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारम्भ लीलावती इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सोनू बग्गा एवं विधायक प्रतिनिधि अजय चोपड़ा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं के नए आधार कार्ड बनाए गए, जबकि सभी आयु वर्ग के लोगों के पुराने आधार कार्डों में संशोधन एवं सुधार कार्य भी किया गया। आधार सेवा केंद्र पर लगी लंबी कतारों की समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के अनुरोध तथा विधायक संजीव शर्मा के निर्देश पर यह शिविर एक ही छत के नीचे आयोजित किया गया।

# जीडीए 171वीं बोर्ड बैठक में मेगा परियोजनाओं को हरी झंडी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 171वीं बोर्ड बैठक गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत 25 एजेंडों पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विशेष रूप से तुलसी निकेतन पुनर्विकास योजना, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी थीम आधारित एकीकृत टाउनशिप तथा हिंडन नदी तटीय तटबंध मार्ग परियोजना को महत्वपूर्ण निर्णयों के रूप में मंजूरी दी गई। तुलसी निकेतन योजना में स्थित 288 एलआईजी आवास, 2004 ईडब्ल्यूएस आवास एवं 60 दुकानों की जर्जर स्थिति को देखते हुए योजना के समग्र पुनर्विकास का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के प्रावधानों के अनुरूप सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल पर स्वीकृति दी गई। पुनर्विकास के अंतर्गत आधुनिक बहुमंजिला आवास, व्यवस्थित पार्किंग, आंतरिक सड़कें, सीवरेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वर्तमान निवासियों के पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के ग्राम मोरटी एवं अटौर में संयुक्त उपक्रम के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। प्रस्तावित स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की पिच, दर्शक दीघाएं, कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया केंद्र, पार्किंग एवं खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह परियोजना खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के साथ गाजियाबाद को राष्ट्रीय एवं वैश्विक खेल मानचित्र पर स्थापित करने में सहायक होगी।

# भगवान दूधेश्वर की कृपा से अजेय रहे छत्रपति शिवाजी महाराज

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष नारायण गिरि महाराज ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का इस प्राचीन सिद्धपीठ से विशेष आध्यात्मिक संबंध रहा है। वे भगवान दूधेश्वर के अनन्य भक्त थे और मंदिर के जीर्णोद्धार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के वीर सपूत और महान राष्ट्रनायक थे। उनकी वीरता, शौर्य और रणनीतिक क्षमता के कारण मुगल शासक भी उनसे भयभीत रहते थे। उन्होंने औरंगजेब की अधीनता स्वीकार करने से इंकार करते हुए एक स्वतंत्र और समृद्ध हिंदू साम्राज्य की नींव रखी। महाराजश्री के अनुसार शिवाजी महाराज युद्ध पर जाने से पूर्व भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना और हवन कर आशीर्वाद लेते थे, और उनकी कृपा से शत्रु उनके सामने टिक नहीं पाते थे। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज लंबे समय तक दूधेश्वरनाथ मठ परिसर में रहे। जब भी वे और उनके सैनिक युद्ध के लिए प्रस्थान करते, वे पहले मंदिर में पूजा कर विजय का आशीर्वाद प्राप्त करते थे। उनकी श्रद्धा और आस्था का प्रमाण यह भी है कि उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और इसे भव्य स्वरूप प्रदान किया। शिवाजी महाराज के पश्चात वर्ष 2007 में गाजियाबाद के भामाशाह धर्मपाल गर्ग द्वारा भी मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कराया गया। महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि शिवाजी महाराज की भगवान दूधेश्वर में आस्था का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महाराष्ट्र के एक गांव का नाम भी भगवान दूधेश्वर के नाम पर रखा। उन्होंने बताया कि स्वयंभू श्री दूधेश्वरनाथ शिवलिंग का प्राकट्य सोमवार, कार्तिक शुक्ल बैकुंठी चतुर्दशी संवत 1511 विक्रम (3 नवंबर 1454) को हुआ था। यह मंदिर रावण द्वारा पूजित तथा छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा जीर्णोद्धारित माना जाता है।

# गाजियाबाद में गुंडाराज! होटल में घुसकर हथियारों से हमला

वेलकम इंडिया,कपिल चौहान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बदमाशों के हौसले पूरी तरह बुलंद है। बदमाश हथियारों से लेस होकर खुलेआम होटल संचालक के साथ मारपीट कर रहे हैं। इतना ही नहीं होटल पर मौजूद कर्मचारी और वहां मौजूद लोगों के साथ भी मारपीट की गई है। मारपीट में दो लोगों को गंभीर चोट आई है और उनके सर में कई टाके लगे हैं। बदमाशों ने होटल में भी तोड़फोड़ की है और सरकारी संपत्ति को तोड़ने का प्रयास किया है। पूरा मामला थाना विजयनगर क्षेत्र के बाईपास स्थित राजू होटल का है। जहां तकरीबन एक दर्जन बदमाश हथियार लेकर पहुंचते हैं और होटल संचालक के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। बदमाशों की ग्रिल तोड़ते हुए की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। फिलहाल पुलिस को इस संबंध में तहरीर दे दी गई है और पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने में जुट गई है



# मोबाइल चोरों पर ट्रांस हिंडन जोन का बड़ा प्रहार! 75 लाख के 254 फोन बरामद, देश के कई राज्यों तक पहुंची पुलिस

वेलकम इंडिया,कपिल चौहान



**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी और स्नैचिंग गिरोहों की कमर तोड़ दी है। अलग-अलग कंपनियों के कुल 254 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिया गया। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 75 लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई। ट्रांस हिंडन जोन की पुलिस टीमों, सर्विलांस और स्वॉट टीम ने तकनीकी विश्लेषण, लोकेशन ट्रैकिंग और मैनुअल इनपुट के जरिए गहन जांच की। इसके बाद हरियाणा, बिहार और दिल्ली एनसीआर समेत विभिन्न राज्यों से मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस की इस मुहिम ने साबित कर दिया कि अपराधी चाहे कहीं भी छिपे हों, कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। महीनों से अपने कीमती मोबाइल के खोने का दुख झेल रहे लोगों के चेहरों पर जब फोन लौटाए गए तो खुशी साफ झलक उठी।